इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण




# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव




वर्ष- 45 | अंक - 181 | राजनांदगांव, बुधवार 20 मई 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए

# केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- नक्सल खात्मे के बाद जनता में जागा विश्वास, आदिवासी संभागों में बस्तर होगा सबसे समृद्ध

**बस्तर के हर आदिवासी को गाय-भैंस देंगे: कहा- डेयरी नेटवर्क बनेगा, नक्सल खात्मे का टारगेट पूरा, कांग्रेस सरकार ने मदद नहीं की**

जगदलपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दो दिवसीय बस्तर दौरे पर हैं। मंगलवार को मध्य क्षेत्रीय परिषद की 26वीं बैठक खत्म होने के बाद श्री शाह ने कहा कि, कल से मैं यहां हूँ, बस्तर की जनता में उत्साह- विश्वास और भविष्य के प्रति आश्वस्ता का वातावरण सर्व दूर नजर आता है। भय का माहौल, बंदूकों के साए में जीवन जीने का युग समाप्त होकर अब मुक्त सांस पूरा बस्तर ले रहा है। देश में सभी आदिवासी संभागों में से बस्तर संभाग सबसे समृद्ध बनेगा।

उन्होंने आगे कहा कि, हमारे लिए बड़ा आनंद का विषय है कि, बस्तर नक्सल मुक्त हो गया है। इसमें कुछ तिथियों का बहुत बड़ा महत्त्व है। जिनमें पहली तिथि, 13 दिसंबर 2023 जब छत्तीसगढ़ में हमारी बीजेपी की सरकार बनी। यहां पर पहले कांग्रेस की सरकार थी, तब की कांग्रेस सरकार ने हमारा समर्थन नहीं किया था। 13 दिसंबर 2023 में यहां भाजपा सरकार बनने के तुरंत बाद हमने बस्तर में बचे हुए नक्सलवाद को समाप्त करने की कवायद शुरू की।




### दो बैठकों में रखी गई नक्सल खात्मे की नींव

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने आगे कहा कि, दूसरी 24 अगस्त 2024 में सभी राज्यों के छत्र की बैठक करने के बाद यह घोषणा की गई कि, 31 मार्च 2026 को देश को हम नक्सलवाद के आतंक से मुक्त कर देंगे। तीसरी तिथि 31 मार्च 2026 को सुरक्षाबलों के साहस, पराक्रम और बलिदान की वजह से तय तिथि से पहले ही देश से नक्सलवाद का उन्मूलन हो चूका था। चौथी 19 मई 2026 इसका भी एक विशेष महत्व है।

### नक्सलवाद की वजह से विकास हुआ प्रभावित

उन्होंने आगे कहा कि, पहले कुछ बुद्धजीवी नक्सलबाड़ी से नक्सलवाद शुरू होने के पहले यह कहते थे कि, यह इसलिए अस्तित्व में आया है। क्योंकि, कुछ क्षेत्र में विकास नहीं पहुंचा है। जबकि यह वास्तविकता नहीं थी। आज पीछे मुड़कर देखते हैं तो विकास ना पहुंचने का कारण ही नक्सलवाद था। देश में कई सारे हिस्से ऐसे थे, जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से ज्यादा पिछड़े हुए थे। लेकिन वहां नक्सलवाद नहीं हुआ और वो क्षेत्र धीरे- धीरे आगे बढ़ गए। लेकिन बस्तर सहित कई सारे क्षेत्र जो नक्सल प्रभावित रहे।

### वीर शहीद गुण्डाधूर सेवा डेरा केंद्र का हुआ उद्घाटन

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने आगे कहा कि, 19 मई 2026 की वह तिथि है, जहां से नक्सल प्रभावित क्षेत्र में सम्पूर्ण विकास की परियोजना को लांच किया जा रहा है। कल ही मैंने वीर शहीद गुण्डाधूर सेवा डेरा केंद्र का उद्घाटन किया है। वीर शहीद गुण्डाधूर सेवा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ईरान संसद में बना कानून, ट्रंप और नेतन्याहू को खत्म करने पर मिलेगा 500 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। मध्य पूर्व में जारी भारी तनाव के बीच एक बहुत चौंकाने वाली खबर सामने आई है। ईरान की संसद मजलिस में एक ऐसा कानून बनाने की तैयारी चल रही है, जो अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भूचाल ला सकता है। तेहरान के सांसद देश के शीर्ष नेतृत्व पर हुए हमलों का बदला लेने के लिए एक विशेष विधेयक पर चर्चा कर रहे हैं। इस प्रस्तावित कानून के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की हत्या करने वाले व्यक्ति को 50 मिलियन यूरो (भारतीय मुद्रा के अनुसार करीब 450 करोड़ से ज्यादा रुपये) देने का प्रावधान शामिल किया गया है। यह आक्रामक कदम फरवरी में हुए उस घातक सैन्य हमले के बाद उठाया जा रहा है, जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मृत्यु हो गई थी।




ब्रिटिश मीडिया द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के राष्ट्रीय सुरक्षा आयोग के प्रमुख इब्राहीम अजीजी ने इस बात की पुष्टि की है कि संसद में इस्लामिक गणराज्य के सैन्य और सुरक्षा बलों की ओर से जवाबी कार्रवाई नाम से एक कानून का मसौदा तैयार किया जा रहा है। इस विधेयक का मुख्य एजेंडा ही ट्रंप और उनके सहयोगियों को निशाना बनाना है। अजीजी का कहना है कि ईरान 28 फरवरी को हुए उस हमले के लिए सीधे तौर पर डोनाल्ड ट्रंप, बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिकी सेंट्रल कमांड के एडमिरल ब्रैड कूपर को दोषी मानता है।

### ईरान अब अपनी रक्षात्मक नीति को बदल रहा है

ईरानी संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के उपाध्यक्ष महमूद नबावियन ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि ईरान अब अपनी रक्षात्मक नीति को बदल रहा है। उन्होंने साफ किया कि अगर ईरान या उसके नेतृत्व पर कोई आंच आती है, तो उसका जवाब केवल अमेरिका या इजराइल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि उनके साथ खड़े होने वाले अरब देशों को भी इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। नबावियन ने सोशल मीडिया पर भी अपना गुस्सा जाहिर (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बांग्लादेश में भारतीय दूतावास के सुरक्षाकर्मी की मौत: फर्श पर डेड बॉडी मिली, ड्यूटी करके लौटा था

ढाका। बांग्लादेश के चिटगांव शहर में स्थित भारतीय दूतावास परिसर के अंदर मंगलवार को एक भारतीय सुरक्षाकर्मी मृत पाए गए। मृतक की पहचान 35 साल नरेंद्र के तौर पर हुई है। वे हरियाणा के रहने वाले थे और दूतावास में सुरक्षा गार्ड के पद पर तैनात थे।




**हरियाणा का रहने वाला था**

नरेंद्र सोमवार रात अपनी ड्यूटी पूरी करने के बाद अपने कमरे में लौटे थे। मंगलवार सुबह जब वह ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो उनके साथ वालों ने उनसे संपर्क करने की कोशिश की। कई बार फोन और आवाज लगाने के बाव भी कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद अधिकारियों ने उनके कमरे का दरवाजा खोला। अंदर कमरे के फर्श पर नरेंद्र की डेड बॉडी मिली। वे कैंपस के भीतर बने स्टाफ डॉर्मिटरी में रहते थे। जानकारी मिलने के बाद पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। जांच अधिकारी नजरुल इस्लाम ने बताया कि मौत की सही वजह पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल पाएगी। उन्होंने कहा, हमें सूचना मिलने के बाद हमारी टीम मौके पर पहुंची और शव बरामद किया। पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण की पुष्टि हो सकेगी। रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारी आरिफुल इस्लाम ने बताया कि शव पर किसी भी तरह की चोट, घाव या संघर्ष के निशान नहीं मिले हैं। शुरुआती तौर पर आशंका जताई जा रही है कि नरेंद्र की मौत हार्ट अटैक या स्ट्रोक की वजह से हुई है। उन्होंने कहा कि मुमकिन है कि रात के दौरान या सुबह बाथरूम से निकलने के बाद उन्हें दिल का दौरा या स्ट्रोक आया हो।

# राहुल गांधी ने आर्थिक संकट को लेकर चेताया कहा- तूफान आने वाला है, अदाणी-अंबानी के लिए है पीएम मोदी की नीति

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश की मौजूदा आर्थिक स्थिति को लेकर केंद्र सरकार पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोला है। उन्होंने देश में एक बड़े और विनाशकारी आर्थिक तूफान के आने की चेतावनी दी है। राहुल गांधी का आरोप है कि पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो भी आर्थिक नीतियां और ढांचा तैयार किया है, वह देश की जनता के लिए नहीं है। उनका दावा है कि इस पूरे तंत्र को सिर्फ दो बड़े उद्योगपतियों, अदाणी और अंबानी की तिजोरियां भरने के लिए तैयार किया गया है।

### आम जनता पर पड़ेगा सबसे बड़ा असर, उद्योगपतियों के पास है सुरक्षित रास्ते

राहुल गांधी ने इस पूरे मामले को समझाते हुए कहा कि जब यह तथाकथित आर्थिक ढांचा ढहेगा, तब इन बड़े पूंजीपतियों का कुछ नहीं बिगड़ेगा। उनके पास देश से बाहर निकलने और खुद को बचाने के सुरक्षित रास्ते मौजूद हैं। लेकिन इस भयानक मंदी की असली मार देश के उस आम आदमी पर पड़ेगी जो कभी इस व्यवस्था का हिस्सा था ही नहीं। उन्होंने कहा कि देश के युवा, गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, मजदूर और छोटे व्यापारी इस आने वाले संकट के सबसे बड़े शिकार बनेंगे। इस मामले का दूसरा बड़ा पहलू अंतरराष्ट्रीय निवेश से जुड़ा है। दुनिया के सबसे बड़े सॉवरेन वेल्थ फंड, नॉर्वे सरकारी पेंशन फंड ने अदाणी ग्रीन एनर्जी और अदाणी पोर्ट्स को अपनी निवेश सूची से बाहर यानी ब्लैकलिस्ट कर रखा है। फंड ने इसके (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## राहुल बोले- कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम सवालों से भागते दिखे : जब छिपाने को कुछ नहीं तो डर क्यों

नई दिल्ली। राहुल गांधी ने मंगलवार को नॉर्वे में एक महिला जर्नलिस्ट हेली लिंग के सवाल को टालने पर पीएम मोदी की आलोचना की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, जब दुनिया एक कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम को कुछ सवालों से घबराकर भागते हुए देखती है, तो भारत की छवि पर क्या असर पड़ता है। जब छिपाने के लिए कुछ नहीं है तो डरने की भी कोई बात नहीं है। राहुल ने हेली की एक्स पोस्ट शेयर करते हुए यह लिखा। दरअसल, पीएम मोदी ने सोमवार को नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गार स्टोरे के साथ जॉइंट प्रेस मीट की थी, लेकिन मीडिया के सवाल नहीं लिए। मोदी नॉर्वे के 2 दिन के दौरे पर हैं। दौरा आज शाम को खत्म हो जाएगा।

**मोदी ने नॉर्वे में पत्रकार को जवाब नहीं दिया था**

### महिला जर्नलिस्ट ने पूछा - सवालों के जवाब क्यों नहीं देते पीएम मोदी

जॉइंट प्रेस मीट के बाद मोदी और जोनास गार जाने लगे तब हेली लिंग ने पूछा, पीएम मोदी आप दुनिया की सबसे आजाद प्रेस के कुछ सवालों के जवाब क्यों नहीं देते। जवाब ना मिलने पर हेली ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर लिखा, 'नॉर्वे वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम इंडेक्स में पहले नंबर पर है, जबकि भारत 157वें नंबर पर है। वह इस मामले में फिलीस्तीन, एमीरात्स और क्यूबा से मुकाबला कर रहा है।' भारतीय विदेश मंत्रालय ने 18 मई को हेली लिंग (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 'चिकन नेक' कॉरिडोर की सुरक्षा को लेकर गंभीर, केंद्र को 120 एकड़ जमीन देगी शुभेंदु सरकार

कोलकाता। बंगाल की नई भाजपा सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से एक बड़ा और रणनीतिक फैसला लिया है। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाली सरकार ने देश की सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले उत्तर बंगाल में रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 'चिकन नेक' कॉरिडोर (सिलीगुड़ी कॉरिडोर) क्षेत्र में लगभग 120 एकड़ जमीन केंद्र सरकार को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया है।



मंगलवार को सामने आई रिपोर्टों के अनुसार, जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। सिलीगुड़ी कॉरिडोर, जिसे आमतौर पर 'चिकन नेक' कहा जाता है, भारत के मुख्य भूभाग को पूर्वोत्तर राज्यों से जोड़ने वाला बेहद संकरा भूभाग (गलियारा) है। यह इलाका रणनीतिक रूप से इसलिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है क्योंकि इसके आसपास बांग्लादेश, नेपाल और भूटान की सीमाएं स्थित हैं, जबकि चीन सीमा की दूरी भी अपेक्षाकृत कम है।

### रक्षा योजनाओं में 'चिकन नेक' कॉरिडोर की अहम भूमिका

विशेषज्ञों के मुताबिक, कॉरिडोर के कुछ हिस्सों की चौड़ाई महज 20 से 22 किलोमीटर है, जिससे किसी भी सैन्य या भू-राजनीतिक संकट की स्थिति में यह क्षेत्र संवेदनशील बन जाता है। यही कारण है कि भारतीय सुरक्षा रणनीति और रक्षा योजनाओं में 'चिकन नेक' कॉरिडोर की अहम भूमिका रही है। बताया जा रहा है कि केंद्र सरकार के बार-बार अनुरोध के बावजूद इससे पहले राज्य में पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस के शासनकाल में जमीन हस्तांतरण की प्रक्रिया लंबे समय तक अटकी थी। राज्य में हाल में सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार ने इस दिशा में तेजी से कदम बढ़ाया है। यह कॉरिडोर पूर्वोत्तर के आठों राज्यों के लिए देश की जीवनरेखा माना जाता है। सड़क, रेल, सैन्य आपूर्ति, व्यापारिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 12-13 सितंबर को भारत आएंगे व्लादिमीर पुतिन, ब्रिक्स सम्मेलन में होंगे शामिल

मॉस्को। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होंगे। क्रेमलिन के सलाहकार यूरी उशाकोव ने यह जानकारी दी। दक्षिण अफ्रीका में रूसी दूतावास ने एक्स पर इसकी पुष्टि की है।



ब्रिक्स शिखर सम्मेलन एक वार्षिक बैठक है, जिसमें ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों के नेता शामिल होते हैं। इसके अलावा इसमें नए सदस्य देश भी शामिल हैं। इस बैठक में आर्थिक सहयोग, व्यापार, वैश्विक शासन और भू-राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा की जाती है। यह मंच उभरती अर्थव्यवस्थाओं को नीतियों के समन्वय और अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर सामूहिक आवाज उठाने का अवसर देता है। भारत ने 13 जनवरी 2026 को आधिकारिक रूप से ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता संभाली। वैश्विक स्तर पर भू-राजनीतिक अस्थिरता और बदलती चुनौतियों के बीच भारत ने 10 सदस्यीय इस समूह की अपनी अध्यक्षता को नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने का संकेत दिया है। मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भारत की ब्रिक्स 2026 अध्यक्षता की आधिकारिक थीम, लोगो और वेबसाइट का शुभारंभ किया। भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान सम्मेलन का लोगो भारत का राष्ट्रीय पुष्प कमल है।

# एनटीए में बड़ा फेरबदल, चार अधिकारियों की हुई नियुक्ति, संभालेंगे अलग-अलग जिम्मेदारी

नई दिल्ली। देशभर में नीट पेपर लीक विवाद के बाद अब एनटीए अपनी पूरी व्यवस्था को नए सिरे से मजबूत करने में जुट गई है। लगातार उठ रहे सवालों और छात्रों के बीच बढ़ती नाराजगी के बाद एजेंसी ने बड़े प्रशासनिक और तकनीकी बदलावों की शुरुआत कर दी है। शिक्षा मंत्रालय के निर्देश पर एनटीए ने कई अहम सुधारों का ऐलान किया है। एजेंसी ने साफ किया है कि अब परीक्षा सुरक्षा और डिजिटल सिस्टम को पहले से कहीं ज्यादा मजबूत बनाया जाएगा।




एनटीए में चार वरिष्ठ अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। इनमें दो संयुक्त सचिव लेवल और दो डायरेक्टर लेवल के अधिकारी शामिल हैं। इनकी जिम्मेदारी एजेंसी में पारदर्शिता बढ़ाने, प्रशासनिक सुधार लागू करने और पूरी व्यवस्था की निगरानी करना होगी। नई नियुक्ति के साथ ही पहली बार टेक्निकल, फाइनेंस औरएचआर के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट अधिकारियों की नियुक्ति के लिए भर्ती भी निकाली गई है। NTA ने Chief Technology Officer (CTO), Chief Finance Officer (CFO) और General Manager-HR जैसे बड़े पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन पदों के लिए भर्ती नोटिफिकेशन जारी किए गए हैं और आवेदन की अंतिम तारीख नोटिफिकेशन जारी होने के 15 दिन बाद तक रखी गई है। इन बदलावों में सबसे ज्यादा चर्चा CTO पद को लेकर हो रही है। अब परीक्षा प्रणाली की पूरी टेक्निकल सुरक्षा एक सीनियर टेक्निकल अधिकारी की निगरानी में रहेगी। यह अधिकारी AI आधारित मॉनिटरिंग सिस्टम, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, फेस ऑथेंटिकेशन, साइबर सिक्योरिटी और प्रश्नपत्र (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# AIADMK को गठबंधन में शामिल किया तो समर्थन पर करेंगे पुनर्विचार, CPM की विजय सरकार को चेतावनी

नई दिल्ली। तमिलनाडु की राजनीति में सत्तारूढ़ टीवीके सरकार और उसके सहयोगियों के बीच मतभेद खुलकर सामने आने लगे हैं। वामपंथी दल सीपीएम ने मुख्यमंत्री विजय की पार्टी को साफ चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि एआईएडीएमके को सरकार या गठबंधन में शामिल किया गया, तो पार्टी अपने समर्थन पर पुनर्विचार करेगी। सीपीएम ने कहा कि तमिलनाडु की जनता ने डीएमके और एआईएडीएमके दोनों के खिलाफ जनादेश दिया है। ऐसे में एआईएडीएमके के किसी भी गुट को टीवीके सरकार का हिस्सा बनाना जनता की भावना के विपरीत होगा। पार्टी ने यह भी कहा कि एआईएडीएमके को गठबंधन में शामिल करना टीवीके के स्वच्छ शासन÷ के वादे के खिलाफ माना जाएगा।



### सीपीएम ने क्यों दिया विजय को सरकार को समर्थन?

सीपीएम नेताओं का कहना है कि फिलहाल पार्टी टीवीके सरकार का समर्थन इसलिए कर रही है क्योंकि राज्य अभी दोबारा चुनाव के लिए तैयार नहीं है। साथ ही, वे नहीं चाहते कि राजनीतिक अस्थिरता का फायदा उठाकर भाजपा राज्य में पिछले दरवाजे से प्रवेश करें या राज्यपाल शासन की स्थिति बने। सीपीएम के इस बयान के बाद तमिलनाडु की सियासत में नई बहस शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में टीवीके और उसके सहयोगियों के बीच गठबंधन की राजनीति को लेकर दबाव बढ़ सकता है।

# आज छत्तीसगढ़ में मेडिकल स्टोर बंद, ऑनलाइन फार्मेसी के खिलाफ दवा व्यापारियों का बड़ा विरोध

रायपुर। ऑनलाइन फार्मेसी और दवा बिक्री के नियमों के विरोध में छत्तीसगढ़ के दवा व्यापारियों ने 20 मई 2026 को मेडिकल स्टोर बंद रखने का फैसला किया है। यह बंद ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के देशव्यापी आह्वान के तहत किया जा रहा है। व्यापारियों का आरोप है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिना उचित जांच के दवाइयां बेची जा रही हैं, जिससे मरीजों की सुरक्षा खतरे में है। इस एक दिवसीय बंद का असर रायपुर समेत प्रदेशभर में देखने को मिल सकता है। दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन दवा बिक्री के बढ़ते चलन और कमजोर निगरानी से मरीजों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। उनका आरोप है कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना डॉक्टर की सही जांच और सत्यापन के दवाइयां बेच रहे हैं, जिससे स्वास्थ्य व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ रहा है। व्यापारियों ने दावा किया है कि अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल कर फर्जी मेडिकल प्रिस्क्रिप्शन तैयार किए जा रहे हैं। इन फर्जी पर्चियों के जरिए लोग बिना वास्तविक डॉक्टर सलाह (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# सुप्रीम कोर्ट बोला- खतरनाक कुत्तों को मौत का इंजेक्शन दें: लोगों की सुरक्षा जरूरी; जो अफसर निर्देश न माने, उस पर अवमानना का केस चले

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि खतरनाक या रेबीज से संक्रमित आवारा कुत्तों को इंजेक्शन लगाकर मारा जा सकता है, लोगों की जान की हिफाजत जरूरी है और गरिमा के साथ जीने में कुत्तों के खतरे से मुक्त होकर रहने का अधिकार भी शामिल है।

मंगलवार को दिए गए इस मामले पर आखिरी फैसले के साथ ही कोर्ट ने सार्वजनिक जगहों से आवारा कुत्तों को हटाने के आदेश के खिलाफ दाखिल सभी याचिकाएं खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि आवारा कुत्तों के पुनर्वास और नसबंदी पर नवंबर 2025 में दिए गए निर्देश ही लागू होंगे। जो अफसर इनका पालन न करें, उन पर अवमानना का केस चले। नवंबर 2025 में सुप्रीम कोर्ट ने स्कूलों, अस्पतालों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, हाईवे जैसे पब्लिक प्लेस से आवारा कुत्तों को हटाने के निर्देश जारी किए थे। कोर्ट ने कहा था कि आवारा कुत्तों को जहां से पकड़ें, नसबंदी और टीकाकरण के बाद वहीं न छोड़ें। ऐसे कुत्तों को शेल्टर होम्स में रखें। अदालत ने सड़कों पर कुत्तों को खाना खिलाने पर भी बैन लगाया था। इसके बाद कई डॉग लवर्स और हुहुह ने इन निर्देशों को रद्द कराने के लिए कई याचिकाएं दाखिल की थीं। हालांकि इन याचिकाओं की संख्या की जानकारी नहीं दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट ने 3 राज्यों में कुत्तों के काटने की घटनाएं गिनाईं

राजस्थान के श्री गंगानगर में एक महीने में कुत्तों के काटने की 1084 घटनाएं सामने आईं। छोटे बच्चों को गंभीर चोटें आईं, जिनमें चेहरों पर गहरे घाव शामिल हैं। तमिलनाडु में साल के पहले चार महीनों में कुत्तों के काटने की लगभग 2 लाख घटनाएं दर्ज की गईं। सूरत में एक जर्मन यात्री को कुत्ते ने काट लिया।

# पूर्व सीएम भुवन चंद्र खंडूड़ी का निधन, उत्तराखंड में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित

देहरादून। लंबे समय से बीमार चल रहे उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भुवन चंद्र खंडूड़ी का आज निधन हो गया है। उनके आकस्मिक निधन के चलते प्रदेश में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। पूर्व सीएम की अंतेष्टि 20 मई को पुलिस सम्मान के साथ सम्पन्न होगी। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मेजर जनरल बीसी खंडूड़ी के निधन पर राज्य में तीन दिन का राजकीय शोक घोषित किया गया है। जिसे देखते हुए प्रदेश के शासकीय, अशासकीय और निजी स्कूल एवं कार्यालय आज बंद रहेंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।



## पहला कॉलम...

### अवैध शराब के साथ पकड़ाया आरोपी, 22 नग देशी शराब जब्त



राजनांदगांव (दावा)। छुरिया पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बेचने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उसके पास से 22 नग अवैध देशी प्लेन शराब जब्त की है। छुरिया थाना प्रभारी ने बताया कि डोमेन्द्र पाटोदी तथा लखनलाल पटौदी उम्र 32 साल निवासी गोपालपुर के कब्जे से 22 नाग देशी शेर प्लेन शराब 180 एमएल भरा हुआ सील बंद 3.960 बल्क लीटर बिक्री रकम 120 कुल कीमत 1880 रुपए को जप्त कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

### निकाय व पंचायत चुनाव : श्रीमती ज्योति सिंह जिले की प्रेक्षक नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिकाओं के आम व उप एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के उप निर्वाचन 2026 के प्रेक्षण कार्य हेतु उपायुक्त संभागीय आयुक्त कार्यालय रायपुर श्रीमती ज्योति सिंह को राजनांदगांव जिले के लिए प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। प्रेक्षक श्रीमती ज्योति सिंह द्वारा निर्वाचन संबंधी नाम निर्देशन कार्रवाई का निरीक्षण किया गया। उन्होंने रिटर्निंग ऑफिसरों को नगर पंचायत घुमका तथा जनपद पंचायत राजनांदगांव, डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया में निर्वाचन की तैयारी के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कार्यालयीन अवधि में प्रेक्षक का मोबाईल नंबर 90094-58871 पर संपर्क कर निर्वाचन के संबंध में शिकायत व सूचना दे सकते है। प्रेक्षक से दोपहर 1 बजे से दोपहर 2 बजे तक सर्किट हाऊस राजनांदगांव में मुलाकात की जा सकती है।

### अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति हेतु प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी होंगे

राजनांदगांव (दावा)। लोक शिक्षक संचालनालय द्वारा केन्द्र प्रवर्तित अनुसूचित जाति एवं अन्य वर्ग के विद्यार्थियों की प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के कंपोनेंट-2 अंतर्गत कक्षा पहली से दसवीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों को देय अस्वच्छ व्यवसाय छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक अस्वच्छ व्यवसाय प्रमाण पत्र अब ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। इस संबंध में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से अनुरोध किए जाने पर अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार स्तर से ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी करने की व्यवस्था लागू कर दी गई है। चिप्स द्वारा प्रमाण पत्र प्रणाली तैयार कर लाइव कर दी गई है।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं तहसीलदार कार्यालय स्थित लोक सेवा केन्द्रों में जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र की तरह ही ऑनलाइन आवेदन किया जा सकेगा। आवेदन के लिए 10 रुपए के स्टाम्प पर शपथ पत्र संलग्न करना होगा। साथ ही निर्धारित प्रारूप में सरपंच या पार्षद तथा पटवारी के हस्ताक्षर उपरांत आवेदन प्रस्तुत किया जा सकेगा। सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों को निर्देशित किया गया है।

### भैयालाल देवांगन का निधन



राजनांदगांव (दावा)। शंकरपुर निवासी व देवांगन समाज के प्रतिष्ठित व्यक्ति भैयालाल देवांगन का 76 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा आज 20 मई को सुबह 11 मुक्तिधाम के लिए निकाली जाएगी।

## अधिमास लगते ही वैवाहिक एवं मांगलिक कार्यो में लगा विराम

राजनांदगांव (दावा)। महिलाओं द्वारा जेष्ठ मास की अमावस्या को अपने पति की दीर्घायु की कामना से वट सावित्री व्रत रखने के पश्चात दूसरे दिन शुक्ल पक्ष की एकम से अधिमास प्रारंभ हो गया है। एक माह तक चलने वाले इस अवधि को अधिमास या पुरुषोत्तम मास कहा जाता है जिसमें शादी -विवाह और अन्य मांगलिक कार्यों की मनाही रहतीं हैं। इसे यह कहा जा सकता है कि इस अधिमास की अवधि में शुभ एवं मांगलिक कार्यों में विराम लग रहेगा। 17 मई से लेकर 15 जून तक पूरे अंचल भर में शादी की शहनाईयां बजने रुक जाएगी वहीं गृह प्रवेश, मुंडन आदि सहित अन्य संस्कार व मांगलिक प्रसंगों पर एक माह तक विराम लगा रहेगा।



**एक माह पश्चात 15 जून से पुनः गूंजने लगेगी शहनाई**

#### आध्यात्मिक साधना के लिए श्रेष्ठ माह

शहर के युवा ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि सनातन धर्म में दिन तिथि की गणना सूर्य की गति और चंद्र की गति के अनुसार की जातीं। सौर वर्ष में जहां वर्ष के 365 दिन होते हैं वहीं चंद्र वर्ष में 354 दिन होते हैं इससे चंद्र वर्ष में 11 दिनों की कमी आ जाती है जिसे तीन वर्ष में गणना कर एक अतिरिक्त माह बनाया जाता है जिसे अधिमास कहा गया है। यह मास सृष्टि के पालन हार भगवान विष्णु के मास के रूप में जाना गया है जिसे पुरुषोत्तम मास कहा गया है। उन्होंने बताया कि सभी महिनों के इष्ट है। भगवान श्री कृष्ण ने माहों में मैं मार्गशीर्ष हूं कहां है। चंद्र मास के बढ़े लगभग 33 दिन वाले अधिमास का कोई देवता नहीं होने पर भगवान श्री हरि विष्णु ने इसे अपना नाम देकर इसे पुरुषोंत्तम मास करार दिया। ज्योतिषी दिवाकर बाजपेई ने बताया कि यह पुरुषोत्तम मास जप- तप, पूजा-ध्यान व आध्यात्मिक साधना के लिए श्रेष्ठ माना गया है जिसके चलते मंदिरों व घरों में पूजा -पाठ व अन्य धार्मिक अनुष्ठानों की धूम बनी रहेगी।

#### बाजार पर दिखेगा शुभ कार्यों में ब्रेक का असर

बता दें कि इस साल होली का त्योहार मनाने के बाद लगातार शुभ कार्यों व वैवाहिक आयोजनों का दौर रहा। पिछले दो माह जमकर शादियां हुई इससे बाजार भी गुलजार बना रहा। बाजार में कपड़े बर्तन से लेकर अन्य वैवाहिक आइटमों की जमकर खरीदारी हुई। करोड़ों रुपए के व्यापार हुए। लेकिन अब अधिमास लगने से शादी व्याह के कार्य सहित अन्य मांगलिक आयोजनो में विराम लग जाने से बाजार में ग्राहकी प्रभावित हो सकती है। उन्होंने बताया कि ऐसी मान्यता है कि इस अधिमास की अवधि में किए गए शुभ व मांगलिक कार्यों का उचित फल नहीं मिलता। पारिवारिक सुख में कमी आती है और बाधाएं उपस्थित होती है। बहरहाल रविवार 17 मई से आगामी 15 जून तक अधिमास की अवधि बनी रहने से शादी- विवाह के कार्य और संस्कारो पर ब्रेक लगा रहेगा।

## क्रेस्ट स्टील कंपनी में गतिरोध बरकरार, त्रिपक्षीय वार्ता फेल होने के बाद छठवें दिन भी धरना जारी

राजनांदगांव (दावा)। क्रेस्ट स्टील कंपनी जोरातराई जिला राजनांदगाव में 600 मजदूरों का काम पिछले 6 दिनों से बंद है। क्योंकि 600 मजदूर में से मात्र 90 मजदूरों का श्रेणी अनुसार वर्गीकरण किया गया है। बाकी मजदूरों का नहीं किया जा है। मजदूरों को हर महीने 1300 रूपये से लेकर 2000 रूपये तक कम भुगतान किया जा रहा है। प्रॉफिट के अनुसार वेतन बढ़ोतरी नहीं की जा रही है और ना ही बोनस निर्धारण हेतु कंपनी की बैलेंस शीट प्रस्तुत की गई है। इस दौरान 15 मई को श्रम अधिकारियों की मध्यस्थता में बैठक हुई तथा 18 मई को



एसडीएम राजनांदगांव कार्यालय में श्रम अधिकारी की मौजूदगी में त्रिपक्षीय वार्ता हुई। किंतु मैनेजमेंट द्वारा मजदूरों के वेतन से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया। बल्कि अड़ियल रुख अपनाये हुए हैं। इसलिए वार्ता फेल हुई है। निराकरण नहीं होने के कारण मजदूरों का छठवें दिन भी धरना जारी है। धरना स्थल में मजदूरों के अलावा उनका परिवार (महिलाएं) धरना में शामिल हो रही है। धरना स्थल में हुई सभा को छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भीमराव बागड़े, एजी कुरैशी, जोरातराई के सरपंच रमाकांत साहू, भोजराम साहू, सीटू यूनियन के गजेंद्र झा, तुलसी देवदास व पुनाराम साहू आदि वक्ताओं ने सभा को संबोधित किया। यह जानकारी छमुमो के महामंत्री पुनाराम साहू द्वारा दी गई।

## गंज चौक से कन्हारपुरी सड़क को पीडब्ल्यूडी से नहीं मिली एनओसी,

राजनांदगांव (दावा)। शहर कांग्रेस के पूर्व महामंत्री एवं पूर्व पार्षद हेमंत ओस्तवाल ने एक पत्र के माध्यम से जिले के कलेक्टर जितेंद्र यादव से नगर निगम में चल रहे कथित खेल और गंभीर लापरवाही पर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। श्री ओस्तवाल ने आरोप लगाया है कि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह द्वारा मुख्यमंत्री नगरोत्थान एवं सेंट्रल लाइब्रेरी योजना के तहत स्वीकृत करोड़ों रुपये की लागत वाली गंज चौक से कन्हारपुरी सड़क चौड़ीकरण परियोजना निगम प्रशासन की लापरवाही और दुर्भावनापूर्ण नीति के कारण खटाई में पड़ गई है।



**कलेक्टर हस्तक्षेप कर भ्रष्ट अधिकारियों पर करें कार्रवाई : हेमंत**

#### निजी बिल्डरों को लाभ पहुंचाने का खेल उजागर

पूर्व पार्षद ओस्तवाल ने खुलासा करते हुए बताया कि 15 जुलाई 2025 को राज्य बजट से नगर निगम को अधोसंरचना मद के तहत करीब 8 कार्यों के लिए 6365.75 लाख रूपए की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसमें इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण का कार्य भी शामिल था। उन्होंने आरोप लगाया कि नगर निगम के महापौर, गैर-जिम्मेदार आयुक्त और कार्यपालन अभियंता ने मिलकर इस सड़क की कार्ययोजना आम जनता की जरूरत के हिसाब से नहीं, बल्कि निजी बिल्डरों और भू-माफियाओं को फायदा पहुंचाने के उद्देश्य से तैयार की थी।

ओस्तवाल ने कहा कि यह सड़क लोक निर्माण विभाग के दायरे में आती है। निगम प्रशासन ने भ्रष्टाचार की नियत से बिना एनओसी के ही इस पर खेल शुरू कर दिया था। जिसकी शिकायत मैंने पहले भी की थी। अब पीडब्ल्यूडी द्वारा एनओसी देने से इनकार करने के बाद निगम की सच्चाई जनता के सामने आ गई है।

#### निगम के पत्रों से खुली पोल, नहीं मिली अनुमति

श्री ओस्तवाल ने दस्तावेजी सबूत पेश करते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त द्वारा पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन अभियंता को अनुमति के लिए पहला पत्र क्रमांक 869 दिनांक 10 सितंबर 2025 को और दूसरा पत्र क्रमांक 2222 दिनांक 17 दिसंबर 2025 को जारी किया गया था। इन पत्रों के माध्यम से लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग राजनांदगांव से सड़क बनाने की अनुमति मांगी गई थी। जिसे विभाग ने सिरे से खारिज कर दिया। ओस्तवाल ने तंज कसते हुए कहा कि निगम में जनहित के निर्णय नियमों के तहत नहीं, बल्कि सूर्यास्त के बाद रात के अंधेरे में लिए जा रहे हैं, जिसका खामियाजा शहर की आम जनता भुगत रही है।

#### कलेक्टर से 7 दिनों के भीतर कार्रवाई की मांग

कांग्रेस नेता ने जिले के कलेक्टर जितेंद्र यादव से अपनी आक्रामक और निष्पक्ष भूमिका निभाने की अपील की है। उन्होंने मांग की है कि गंभीर लापरवाही बरतने वाले और शासन के नियमों का उल्लंघन करने वाले निगम के भ्रष्ट अधिकारियों के खिलाफ तत्काल कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए। कलेक्टर स्वयं मौका स्थल का निरीक्षण करें और यह तय करें कि करीब 15 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस सड़क का लाभ शहर की वास्तविक जरूरत वाले क्षेत्रों और आम जनता को मिल सके। नियमों के तहत स्वीकृत इस कार्ययोजना का पालन सुनिश्चित करवाते हुए अधिकारी 7 दिनों के भीतर पूरी स्थिति का जनता के सामने खुलासा करें।

## वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र मोहन लाला बने अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रांतीय सचिव



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा (7235) के राष्ट्रीय नेतृत्व ने संगठन का विस्तार करते हुए राजनांदगांव के निवासी व वरिष्ठ पत्रकार देवेंद्र मोहन लाला को छत्तीसगढ़ का प्रांतीय सचिव मनोनीत किया है। देवेंद्र मोहन लाला लंबे समय से पत्रकारिता के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों और समाज सेवा के कार्यों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। उनके इस मनोनयन से छत्तीसगढ़ सहित देश भर के कायस्थ समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है।

महासभा से मिली जानकारी के अनुसार यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश कुमार श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में की गई है। छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. रमाशंकर श्रीवास्तव से विस्तृत विचार-विमर्श और सहमति के बाद देवेंद्र मोहन लाला के नाम पर मुहर लगाई। समाज के प्रबुद्ध जनों का मानना है कि श्री लाला के प्रांतीय सचिव बनने से छत्तीसगढ़ में संगठन को एक नई मजबूती और गति मिलेगी।

#### आभा आईडी के उपयोग से स्वास्थ्य सेवाएं हो रही डिजिटल

राजनांदगांव (दावा)। स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट का उपयोग स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल, आसान और तेज बनाने के लिए किया जा रहा है। इससे आम नागरिकों को महत्वपूर्ण लाभ मिल रहे हैं। जिले के मेडिकल कालेज, जिला अस्पताल, सामुदयिक स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को आभा आईडी बनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। मरीज आभा ऐप के माध्यम से अपना समस्त हेल्थ रिकार्ड देख सकते है।

#### नगर पंचायत घुमका : लोकसभा चुनाव 2024 की दर सूची के आधार पर होगी चुनावी खर्च की जांच

राजनांदगांव (दावा)। नगर पालिका आम निर्वाचन 2026 अंतर्गत नगर पंचायत घुमका में निर्वाचन व्यय निगरानी के तहत निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा प्रतिदिन विभिन्न मद में प्रचार-प्रसार एवं अन्य आवश्यक सामग्री पर व्यय किया जाता है। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रोफार्मा में दैनिक व्यय का रख-रखाव सुविधाजनक बनाने के लिए प्रचार-प्रसार में उपयोग होने वाली आवश्यक सामग्री की दर सूची तैयार की गई है। यह दर सूची लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान अनुमोदित सामग्री दरों के आधार पर बनाई गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव द्वारा राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों की सहमति उपरांत इस मूल्य सूची को अनुमोदित किया गया है। व्यय लेखा जांच करते समय लोकसभा निर्वाचन 2024 के अनुमोदित दर सूची को आधार माना जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार छुरिया, जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

**रा.प्र.क्र. 202605090200055 अ-59 वर्ष 2025-2026**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत छुरिया द्वारा पत्र क्रमांक /184/231742/PROJ-1/79/2026-NP छुरिया दिनांक 18.05.2026 जो कलेक्टर महोदय राजनांदगांव को संबोधित है में लेख किया गया है कि नगर पंचायत छुरिया क्षेत्रांतर्गत छुरिया से बंजारी रोड दाएं तरफ पर भूमि खसरा नंबर 477 रकबा 5.917 हे. में से 400 मीटर लंबाई व 04 मीटर चौड़ाई पर मुख्यमंत्री स्वालंबन योजना अंतर्गत 100 नग दुकान निर्मित किया गया है, उक्त भूमि सड़क मद में उल्लेखित होने के कारण नगर पंचायत छुरिया को भूमि का आधिपत्य अप्राप्त होने से निर्मित दुकानों के भूमि के निस्तार परिवर्तन करते हुए भूमि का आधिपत्य प्रदान का निवेदन किया गया है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति /संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो प्रकरण की आगामी सुनवाई तिथि 25.05.2026 को स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता/मुख्यत्यारआम के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18.05.2026 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार, छुरिया, जिला - राजनांदगांव**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मैं मेघा कुमारी पति श्री दिगम्बर कुमार निवासी बी-871-2 एच. ई. सी. कॉलोनी, सेकटर-2, धुर्वा रांची (झारखण्ड) की निवासी हूँ। यह शपथ करती हूं कि, मैंने अपना पुराना नाम मेघा देवांगन को त्यागकर नया नाम मेघा कुमारी पति श्री दिगम्बर कुमार रख लिया है।

अतः आज से मेरे समस्त शासकीय/ अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नये नाम मेघा कुमारी पति श्री दिगम्बर कुमार से ही जाना व पहचाना जावे, जिस हेतु नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूँ।

**मेघा कुमारी**
पति श्री दिगम्बर कुमार
निवासी बी-871-2 एच. ई. सी. कॉलोनी, सेकटर-2,
धुर्वा रांची (झारखण्ड)
हाल मुकाम - जीवन ए फेस-1 कॉलोनी कौरिनभाठा
राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक खुमन लाल अलेन्द्र पिता-सजन सिंह अलेन्द्र जाति-हल्बा निवासी ग्राम-गुण्डरदेही, मकान नं. 142, वार्ड नं. 08,तह.-अं. चौकी, जिला-मोहला मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.) पिन नं. 491668 का निवासी हूं। जो कि मेरी पुत्री के नाम से भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया हैं। जिसमें नाम के स्थान पर **कु. भूमिजा** अंकित है, उक्त नाम गलत हैं। परन्तु मेरी पुत्री के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र व अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर **भूमिजा** अंकित है, उक्त नाम सही हैं। इसलिए आधार कार्ड में **कु. भूमिजा** अंकित हैं, उसे सुधार करवाकर **भूमिजा** अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार एवं ईश्तहार दावा आपत्ति होगी तो मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। अतएव ईश्तहार प्रस्तुत हैं, जो जरूरत वक्त पर काम आवें।
स्थानः-अं.चौकी,
दिनांक :- 19/05/2026

आवेदक
**खुमन लाल अलेन्द्र**
निवासी ग्राम- गुण्डरदेही
तह.-अं. चौकी, जिला-मो.मा., अं. चौकी

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय मे मामला क्रमांक : 202605092200010**

**ईश्तहार**

मामले की श्रेणीः- राजस्व, विषयः- ब-121
सनः- 2025-2026
डोंगरगढ़ प.ह.नं. 00025 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण
आवेदक पक्षकार -विजय कृष्ण सिंह,
अनावेदक पक्षकार -

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विजय कृष्ण सिंह आ. दशरथ सिंह जाति यादव निवासी वार्ड नम्बर 06 डोंगरगढ़, तहसील-डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्र लक्ष्य सिंह आ. विजय कृष्ण सिंह का जन्म दिनांक 13/06/2016 को स्थान डोंगरगढ़ में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। मो. 9406379488

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22/05/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 05/05/2026 को जारी किया जाता है।

**AMIY SHRIVASTAVA**
तहसीलदार, तहसील-डोंगरगढ़

**कार्यालय कलेक्टर (प्रपत्र शाखा) राजनांदगांव (छ.ग.)**

**-: निविदा प्रकाशन की उद्घोषणा :-**

**वर्ष 2026-27 के लिए जिला कार्यालय एवं जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों में लेखन सामग्री क्रय करने संबंधी निविदाएं आमंत्रित है:-**

**वर्ष 2026-27 के लिए जिला कार्यालय एवं जिले के अन्य शासकीय कार्यालयों द्वारा लेखन सामग्री क्रय करने के लिए दरों के निर्धारण हेतु मोहर बंद निविदाएं में दिनांक 11.06.2026 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। उक्त दरों पर जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों द्वारा 11.06.2027 तक खरीदी की जावेगी। यह निविदा दर स्वीकृति दिनांक से आगामी 1 वर्ष या अगले भावदर स्वीकृति दिनांक जो भी बाद में हो, लागू रहेगी। इच्छुक निविदाकर्ता निविदा से संबंधित शर्तें तथा आवेदन फार्म व अन्य जानकारी कार्यालय कलेक्टर (प्रपत्र शाखा) जिला राजनांदगांव (छ.ग.) से रूपये 500/- बैंक में चालान से जमा कर चालान की मूल प्रति प्रस्तुत कर प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदाएं दिनांक 11.06.2026 को सायं 04.00 बजे खोली जावेगी, जिसमें निविदाकर्ता या उसके प्रतिनिधि भाग ले सकते हैं।**

जी- 262700816/2

**कलेक्टर**
**जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)**

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं. चौकी (छ.ग.)**

E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in

**// ई-प्रोक्योरमेंट //**

**द्वितीय निविदा आंमत्रण सूचना (रिस्क एंड कास्ट)**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र 'अ' में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल जीवन मिशन अंतर्गत एकल ग्राम/रेट्रोफिटिंग योजनांतर्गत जिला मोहला मानपुर-अं.चौकी के विभिन्न विकासखंडों के विभिन्न ग्रामों में रिस्क एवं कास्ट में अधूरे छोड़े कार्य जिसमें UPVC/HDPE पाईप लाईन जोड़ने बिछाने, उच्चस्तरीय जलागार निर्माण, स्वीच रूम, उच्च स्तरीय जलागार के चारों ओर बाउंड्रीवॉल निर्माण, सबमर्सिबल पंप का प्रदाय एवं स्थापना कार्य, विद्युत विभाग (CSPDCL) से इलेक्ट्रिक कनेक्शन, इलेक्ट्रोक्लोरीनेटर स्थापना, क्लोरीनेटर रूम, घरों एवं शासकीय संस्थानों में कार्यरत नल कनेक्शन प्रदाय आदि एवं अन्य समस्त कार्य, टेस्टिंग, 03 माह का ट्रायल रन, 06 माह तक संचालन संधारण का कार्य (सम्पूर्ण कार्य सामग्री सहित, संलग्न शेड्युल अनुसार) की निविदाए दिनांक **18.05.2026** से ऑनलाईन पर आमंत्रित की जाती है।

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक **25.05.2026** से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक **08.06.2026** (शाम 5.30 बजे) तक है।

निविदा में जारी एस.ओ.आर. **PHE दिनांक 01.06.2020 से लागू एवं संशोधन 05/2021.22 तक तथा PWD 2015 का दिनांक 07.04.2016 से लागू समस्त संशोधन सहित पर तैयार किया गया है।**

| क्र. | निविदा क्रमांक | सिस्टम क्रमांक | विकासखण्ड | योजना/ ग्राम का नाम | अनुमानित लागत(रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 21 | 191147 | मोहला | भालापुर | 7.75 |
| 2 | 22 | 191148 | चौकी | लेड़ीजोब, पीपरखार, मुंगेशीटोला | 62.19 |
| 3 | 23 | 191149 | मानपुर | मालेर, तुमड़ीकसा, नेड़गांव | 73.30 |
| 4 | 24 | 191150 | मानपुर | पांचालफड़की, खवासफड़की, नवागांव | 83.45 |

जी- 262700818/2

**कार्यापालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर, अं. चौकी (छ.ग.)**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-लखोली तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**

प्रति,
रामाधार साहू पि. बोदूराम साहू, भर्रेगांव 8319273700
युगल शर्मा पि. दामोदर शर्मा भरकापारा राज.(रजि. पे गवाह) 7869273367
शैलेश सोनी पि. बल्ला प्रसाद सोनी सोनार पारा राज. 9300335078
शुभम नाहर पि. संजय नाहर (आवेदक का भतीजा)
गौतम नाहर पि. बस्तीमल नाहर 6264200098
शरद जैन निवासी नंदई

**// सीमांकन सूचना //**

क्रं. /रा.नि./ लखोली/2026 राजनांदगांव,दिनांक 18/05/2026

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक गौतम नाहर जैन पिता बस्तीमल जैन पता किलापारा, राजनांदगांव के द्वारा न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव के समक्ष सीमांकन हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया हैं। न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव जारी ज्ञापन क्रमांक 288/प्रवाचक/तह./2026 राजनांदगांव, दिनांक 17/04/2026 के परिपालन में ग्राम नंदई प.ह.नं. 41 रा.नि.मं. राजनांदगांव तहसील व जिला-राजनांदगांव में स्थित खसरा नं. 3/35 रकबा 0.0190 हे. भूमि का स्थल निरीक्षण / सीमांकन कार्य मेरे द्वारा दिनांक 21/05/2026 दिन गुरूवार समय 11.00 बजे किया जाना हैं।

आवेदित भूमि से लगे भूमिस्वामियों एवं हितबद्ध पक्षकारों को उक्त तिथि को भूमि संबंधित दस्तावेज सहित उपस्थित होना अनिवार्य हैं।

अतः आवेदक व अनावेदक अपने-अपने स्वत्व संबंधी दस्तावेज सहित मौके पर उपस्थित होवे। अन्यथा एकपक्षीय सीमांकन की कार्यवाही की जावेगी।

टीपः- आवेदक टेप जरीब खींचने हेतु दो व्यक्ति अपने साथ लावे।

**राजस्व निरीक्षक**
**लखोली**

SILVER SCREEN MULTIPLEX
17th May to 21st May 2026



Pati Patni Aur Woh Do - 12:30, 03:30, 06:30 and 09:30 pm
Mayaru Bhauji 2 (CG) - 12:00, 03:00, 06:15 and 09:15 pm
Krishnavataram Part 1 The Heart - 06:00 and 09:00 pm
Bhoot Bangla - 12:15 and 03:15 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
भीड़भरा शानदार तीसरा दिन रोजाना 4 खेल



मायरू भौजी2
छत्तीसगढ़ी में
मोहन सुंदरानी प्रस्तुत
ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

आवश्यकता है
ड्राइवर और वर्कर की.
ओम पेयजल, राजनांदगांव में काम करने हेतु
कार्य स्थानः राजनांदगांव
जल्दी संपर्क करें...
8103758669,
7999161135

**शुभांक**

अनुमानित

बी. के.
2-5-8
330-6 347-4

राजधानी
3-5-7
568-9 178-6

चेतावनीः- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# पुरुषोत्तम मास में 15 दिवसीय नारायण महामहोत्सव 1 जून से

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव के प्राचीन एवं ख्याति प्राप्त भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर में पुरुषोत्तम मास के पावन अवसर पर 1 जून से 15 जून तक 15 दिवसीय नारायण महामहोत्सव का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया जाएगा। आयोजन स्थल श्री सत्यनारायण धर्मशाला, कामठी लाईन रहेगा, जहां प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से रात्रि 7 बजे तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राजेश शर्मा तथा कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री सत्यनारायण मंदिर वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां भगवान श्री सत्यनारायण अपने भक्तों को दिव्य एवं मनमोहक दर्शन देकर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। मंदिर समिति द्वारा वर्षभर धार्मिक एवं सेवा कार्य निरंतर संचालित किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि पुरुषोत्तम मास जिसे अधिक मास भी कहा जाता है। प्रत्येक तीसरे वर्ष आता है और यह भगवान विष्णु को समर्पित माना जाता है। यह माह आध्यात्मिक



श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा भक्ति, कथा, दीपोत्सव एवं भजन संध्या के विविध आयोजन

शुद्धि, दान-पुण्य, तप, साधना, भक्ति एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए अत्यंत श्रेष्ठ माना गया है। उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, श्याम खंडेलवाल, राजेश अग्रवाल (बालाजी) एवं विजय खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा वर्ष 2010 से पुरुषोत्तम मास में दिव्य एवं भव्य धार्मिक आयोजन की परंपरा प्रारंभ की गई थी। इस वर्ष यह आयोजन अपने 6वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है।

### भक्ति, कथा एवं उत्सवों की होगी विशेष श्रृंखला

15 दिवसीय नारायण महामहोत्सव के दौरान सुंदरकांड पाठ, पुरुषोत्तम मास महिमा व्याख्यान, जीण माता पाठ, शाकंभरी माता पाठ, श्रीराम चरित्र कथा, श्रीकृष्ण चरित्र कथा, शिव महिमा भजन, श्रीश्याम रसोत्सव, रानी सती दादी पाठ, होली उत्सव एवं 11 हजार दीपों से दीपोत्सव जैसे विविध धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन भक्तिमय वातावरण में संपन्न होंगे। इसके साथ ही राजनांदगांव के ख्यातिप्राप्त भजन गायकों द्वारा प्रतिदिन भजन अमृत की वर्षा की जाएगी। जिससे श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होंगे। समिति के अनुसार 16वें दिन भगवान श्री सत्यनारायण कथा की पूर्णाहुति के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

### महिला मंडलों की सक्रिय सहभागिता

आयोजन को सफल बनाने में दीपा शर्मा, मंजू खोखरिया, मधु खंडेलवाल, शशि खोखरिया, बुलबुल अग्रवाल, रचना जोशी, ममता सोनी, स्वाति अग्रवाल, उषा गुप्ता, ज्योति खंडेलवाल, रक्षा गुप्ता सहित विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक महिला मंडल दिन-रात सेवा कार्य में जुटे हुए हैं। भवन व्यवस्था प्रभारी नीतीश अग्रवाल, राहुल अग्रवाल एवं ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं और श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु व्यापक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के निवृत्तमान अध्यक्ष अशोक लोहिया ने संस्कारधानी राजनांदगांव के समस्त धर्मप्रेमी माता-बहनों एवं श्रद्धालु बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर 15 दिवसीय नारायण महामहोत्सव का पुण्य लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। उपरोक्त जानकारी मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# ग्राम उसरीबोड़ में आगजनी से महिला की मौत, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने भेजी 20 हजार की त्वरित सहायता



○ पैरावट में आग लगने से झुलसी थी हेमलता विश्वकर्मा, सोशल मीडिया से जानकारी मिलते ही डॉ. रमन सिंह ने लिया संज्ञान
○ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने फोन पर दी शोक संवेदना, भाजपा पदाधिकारियों ने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया

राजनांदगांव (दावा)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम उसरीबोड़ में पैरावट में आग लगने से झुलसकर महिला की मृत्यु हो गई। मृतका की पहचान श्रीमती हेमलता विश्वकर्मा पति त्रिलोचन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी आसकुमार कन्नौजे (आसु) के सोशल मीडिया साइट माध्यम और स्थानीय भाजपा प्रतिनिधि लीलाधर साहू से घटना संबंध जानकारी मिलते ही क्षेत्रीय विधायक डॉ. रमन सिंह ने मामले का पूर्ण संज्ञान लिया और तत्काल स्थानीय मंडल के पदाधिकारियों को मौके पर भेजा। परिवार की दयनीय आर्थिक स्थिति को देखते हुए श्री विधायक की ओर से मृतका के परिजनों को 20,000 रूपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई। साथ ही क्षेत्रीय पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने भी पीड़ित परिवार से मोबाइल पर वार्ता कर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। विधायक के निर्देशानुसार मंडल अध्यक्ष मनोज साहू, जिला उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, मंडल महामंत्री बलराम निर्मलकर, मोती देवांगन, मंत्री हेमदीप साहू एवं देवल साहू पीड़ित परिवार के निवास पहुंचे। स्थानीय कार्यकर्ताओं में ग्राम उपसरपंच देवराज निषाद, भोजराम साहू (पंच) खुमेंद साहू (पंच) चौवाराम साहू, राजाराम साहू, दिनाराम साहू की उपस्थिति में परिजनों को सहयोग राशि सौंपी गई। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

# आरटीआई कानून में हो संशोधन, द्वितीय अपील के निपटारे की समय-सीमा 60 दिन तय करें संसद : लव कुमार रामटेके

## सांसदों को पत्र लिखकर लोकसभा में संशोधन विधेयक लाने की मांग, मुहिम से जुड़ने की अपील



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के अधिवक्ता एवं छत्तीसगढ़ मानव अधिकार फाउंडेशन के संस्थापक लव कुमार रामटेके ने देश के सबसे महत्वपूर्ण कानूनों में से एक सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 (आरटीआई) की विसंगतियों को दूर करने के लिए संसद और भारत सरकार से इसमें संशोधन करने की पुरजोर मांग की है। उन्होंने कहा कि यह कानून सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही तय करने का बड़ा माध्यम है, लेकिन वर्तमान में द्वितीय अपील के निपटारे के लिए कोई निश्चित समय-सीमा तय न होने के कारण आम नागरिकों और आरटीआई कार्यकर्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### सालों लंबित रहते हैं मामले, बदल जाते हैं अफसर

श्री रामटेके ने कानून की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आरटीआई आवेदन लगाने पर 30 दिनों के भीतर जवाब मिलना निश्चित है। जवाब न मिलने पर संबंधित विभाग में ही प्रथम अपील कर अगले 30 दिनों (विशेष परिस्थितियों में 45 दिन) में जानकारी प्राप्त की जा सकती है। श्री रामटेके ने कहा कि असली समस्या तब शुरू होती है जब प्रथम अपील पर भी जानकारी नहीं मिलती और आवेदक को राज्य सूचना आयोग के समक्ष द्वितीय अपील करनी पड़ती है। यहां प्रक्रिया इतनी लंबी और महीनों-सालों तक लंबित हो जाती है कि जब तक जानकारी मिलती है, तब तक उसका महत्व ही खत्म हो चुका होता है। इस लंबी अवधि के दौरान कई बार लोक सूचना अधिकारियों का ट्रांसफर हो जाता है, जिससे मामला और लटक जाता है।

### धारा 19(6) में संशोधन की मांग

अधिवक्ता रामटेके ने भारत सरकार और देश के नीति-निर्माताओं से मांग की है कि सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 19(6) में तत्काल संशोधन किया जाए। उन्होंने निम्नलिखित दो प्रमुख सुझाव और मांगें रखी हैं। जिसमें आयोग के समक्ष प्रस्तुत द्वितीय अपील के निपटारे की अधिकतम समय-सीमा अनिवार्य रूप से 60 दिन निर्धारित की जाए। जो मामले बेहद संवेदनशील या अति-आवश्यक श्रेणी के हों, उनके लिए 30 दिनों के भीतर त्वरित सुनवाई और फैसले की व्यवस्था हो।

### सांसदों को पत्राचार और जन-मुहिम की शुरुआत

श्री रामटेके ने बताया कि वे इस विषय को लेकर देश के सभी सम्मानीय सांसदों को लगातार पत्राचार कर रहे हैं, ताकि आगामी लोकसभा सत्र में इस संशोधन को लेकर कानून लाया जा सके। उन्होंने समाचार पत्र के माध्यम से देश के सभी आरटीआई कार्यकर्ताओं, अधिवक्ताओं और आम नागरिकों से अपील की है कि वे इस राष्ट्रव्यापी जनहित मुहिम का हिस्सा बनें। इस मुहिम से जुड़ने और सहयोग करने के लिए उन्होंने अपना मोबाइल नंबर 98274-80450 भी जारी किया है, ताकि देश के नागरिकों को समय पर न्याय और सूचना का अधिकार मिल सके।

# सुशासन तिहार दिव्यांग मथुरा साहू के लिए लेकर आया खुशियों का उपहार

राजनांदगांव (दावा)। सुशासन तिहार अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम खुटेरी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर ग्राम कोटराभाठा की दिव्यांग मथुरा साहू के लिए खुशियों का उपहार लेकर आया। जनसमस्या निवारण शिविर में दिव्यांग मथुरा साहू को निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने पर उन्होंने प्रसन्नता जाहिर की। दिव्यांग मथुरा साहू ने बताया कि मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने से अब आवागमन में सुविधा होगी। अब वे मार्केट जाकर घर का सामान भी ला सकती है। उन्होंने बताया कि पहले वे कही नहीं जाती थी और ज्यादातर घर पर ही रहती थी। घर में परिवार के सदस्य आने जाने में मदद करते थे। मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने पर उन्हें आत्मनिर्भर जैसे महसूस हो रहा है।



निःशुल्क मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मिलने पर आत्मनिर्भर बनी, आवागमन में होगी सुविधा

उन्होंने अपनी खुशी बया करते हुए कहा कि सुशासन तिहार में मिली मोटराईज्ड ट्राईसाइकिल मेरे लिए मददगार होगी। उन्होंने इस सौगात के लिए शासन एवं प्रशासन को धन्यवाद दिया। दिव्यांग मथुरा साहू ने कहा कि शासन-प्रशासन ग्राम के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी देकर लाभान्वित कर रहे है। उन्होंने सुशासन तिहार के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर में जनमानस की विभिन्न तरह की समस्याओं का समाधान हो रहा है। जिनमें आयुष्मान कार्ड, लर्निंग लाईसेंस, राजस्व प्रकरणों का निराकरण, राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं। वहीं लोगों में शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

# दिग्विजय स्टेडियम में शतरंज प्रशिक्षण शिविर शुरु, अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी सिखा रहे हैं शह और मात के गुर

राजनांदगांव (दावा)। दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव के तत्वावधान में आयोजित शतरंज प्रशिक्षण रमेश पटेल सचिव एवं सहसचिव योगेश बागड़ी के निर्देशानुसार 10 मई से प्रातः 7 से 9 बजे तक अन्तर्राष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी श्रेणीक डाकलिया एवं श्रेयांश डाकलिया के द्वारा तथा शाम को 5 से 7 बजे तक प्रकाश शर्मा वरिष्ठ शतरंज प्रशिक्षक सहयोगी रामप्रसाद पाल के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षक्षण शिविर में बालक-बालिकाएं खेल के बारीकियों का आज के अन्तर्राष्ट्रीय नियमों बड़ी गहराई से अध्ययन कर इसका लाभ ले रहे हैं। उपरोक्त जानकारी देवेन्द्र सिंह ठाकुर प्रबंधक दिग्विजय स्टेडियम समिति राजनांदगांव द्वारा पदान किया गया।



10 मई से 10 जून तक चलने वाले शिविर में बच्चे सीख रहे हैं इंटरनेशनल चेस के आधुनिक नियम

# एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के सहयोग से उदयाचल का 'गठिया वात रोग शिविर', बड़ी संख्या में हो रहे पंजीयन

राजनांदगांव(दावा)। उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट एवं एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के सहयोग से 21 मई को आयोजित होने वाले 'गठिया वात रोग जांच एवं परामर्श शिविर' को लेकर आमजन में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

शिविर के लिए बड़ी संख्या में लोग लगातार पंजीयन करा रहे हैं। इस विशेष शिविर में गठिया, जोड़ों में दर्द, सूजन, कमर एवं घुटनों की समस्या से पीड़ित मरीजों को विशेषज्ञ जांच एवं परामर्श सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल, रायपुर की प्रसिद्ध रूमेटोलॉजिस्ट डॉ. जूही दीक्षित मरीजों को परामर्श देंगी। शिविर के दौरान ऑटो-इम्यून रोग, स्पॉन्डिलाइटिस, यूरिक एसिड, ऑस्टियोआर्थराइटिस सहित विभिन्न वात रोगों की जांच एवं उपचार संबंधी परामर्श दिया जाएगा। संस्था के संरक्षक पद्मश्री डॉ.पुखराज बाफना ने कहा कि, पूर्व में आयोजित स्वास्थ्य शिविरों को मिले सकारात्मक जनसमर्थन ने संस्था को निरंतर समाजसेवा के लिए प्रेरित किया है। संस्था का उद्देश्य एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल जैसे प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थानों के सहयोग से लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समय पर उचित चिकित्सकीय परामर्श पहुंचाना है। संस्था ने आमजन से अपील की है कि, अधिक से अधिक संख्या में पंजीयन कराकर शिविर का लाभ उठाएं। पंजीयन हेतु उदयाचल नई बिल्डिंग के रूम नंबर 09 एवं 10 में संपर्क किया जा सकता है। साथ ही पंजीकरण करा चुके मरीजों से निर्धारित समय पर शिविर स्थल पर पहुंचने तथा अपनी पुरानी जांच रिपोर्ट एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया गया है। उपरोक्त जानकारी संस्था के जनसंपर्क प्रभारी गुरदीप बग्गा द्वारा दी गई।

# दुष्कर्म का आरोपी हरिचंद्र साहू गिरफ्तार, मोहारा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर 24 घंटे में भेजा जेल

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस चौकी मोहारा के अंतर्गत आने वाले ग्राम छपारा में एक महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हरिचंद्र साहू पिता बुधराम साहू उम्र 42 वर्ष, निवासी ग्राम छपारा, चौकी मोहारा, थाना डोंगरगढ़ के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की सुसंगत धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।




### कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिलाया, फिर किया दुष्कर्म

मोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पीड़िता अपनी नानी के निधन पर आयोजित क्रिया-कर्म कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अपने नानी गांव छपारा आई हुई थी। आरोपी हरिचंद्र साहू रिश्ते में पीड़िता को अपनी भांजी बोलता था। दिनांक 17 मई को आरोपी ने पीड़िता को अकेला पाकर उसे बहला-फुसलाकर कोल्डड्रिंक में शराब मिलाकर पिला दी। इसके बाद जब पीड़िता अचेत स्थिति में होने लगी, तो आरोपी उसे पास के एक खेत की तरफ ले गया और वहां उसके साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। घटना के बाद पीड़िता ने परिजनों के साथ चौकी पहुंचकर मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 64(1) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की।

### उच्चाधिकारियों के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई

मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता को देखते हुए राजनांदगांव पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा ने प्रकरण में त्वरित वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को तत्काल गिरफ्तार करने के कड़े निर्देश दिए। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के कुशल मार्गदर्शन में मोहारा चौकी पुलिस ने फौरन जाल बिछाया। पुलिस टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए आरोपी हरिचंद्र साहू को छपारा से घेराबंदी कर हिरासत में ले लिया।

### पूछताछ में कबूला जुर्म, भेजा गया जेल

चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे ने बताया कि हिरासत में लेने के बाद जब आरोपी से कड़ाई से पूछताछ की गई तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। इसके बाद 18 मई को आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस त्वरित और सराहनीय कार्रवाई में चौकी प्रभारी उप निरीक्षक सुमेंद्र कुमार खरे सहित मोहारा पुलिस चौकी के समस्त स्टाफ की मुख्य और सराहनीय भूमिका रही।

# अग्निवीर भर्ती की तैयारी के लिए जिले में ऑनलाइन क्लासेस का संचालन 20 मई से

## विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा अभ्यर्थियों को मिलेगा मार्गदर्शन

राजनांदगांव(दावा)। जिले के अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन करने वाले युवाओं को आवश्यक मार्गदर्शन, परामर्श एवं लिखित परीक्षा की तैयारी में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से 20 मई 2026 से ऑनलाइन क्लासेस का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। जिला प्रशासन, स्कूल शिक्षा विभाग एवं जिला रोजगार कार्यालय राजनांदगांव के संयुक्त प्रयास से प्रारंभ की जा रही यह पहल अग्निवीर भर्ती के लिए आवेदन करने वाले युवाओं के लिए उपयोगी साबित होगी। जिले के 1 हजार 746 अभ्यर्थियों द्वारा अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन किया गया है। ऐसे सभी पात्र आवेदकों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के संबंध में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा। ऑनलाइन क्लासेस का संचालन 20 मई 2026 को सुबह 10 बजे से सर्वेश्वर दास नगर निगम स्कूल राजनांदगांव में स्थापित डिजिटल स्टूडियो के माध्यम से किया जाएगा। ऑनलाइन कोचिंग के माध्यम से युवाओं को अग्निवीर थल सेना, वायु सेना एवं नौसेना भर्ती प्रक्रिया, लिखित परीक्षा की तैयारी, आवश्यक सुझाव, परामर्श तथा कैरियर निर्माण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही अग्निवीर भर्ती से मिलने वाले अवसरों एवं लाभों के संबंध में भी जानकारी दी जाएगी। यह मंच युवाओं की जिज्ञासाओं एवं कठिनाइयों के निराकरण में भी सहायक होगा।

जिला रोजगार कार्यालय के अधिकारियों द्वारा अधिक से अधिक पात्र आवेदकों को ऑनलाइन क्लासेस से जोड़ने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। जनपद एवं ग्राम पंचायत स्तर पर भी पात्र युवाओं से अपील की जा रही है कि वे नियमित रूप से ऑनलाइन क्लासेस से जुड़कर अपनी तैयारी को बेहतर बनाएं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष राज्य शासन द्वारा जिले को 1 हजार 586 युवाओं के पंजीयन का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरूद्ध जिले में 1 हजार 746 युवाओं ने अग्निवीर भर्ती के लिए पंजीयन कराया है।

माह जून में आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षा के पूर्व युवाओं को विशेषज्ञ शिक्षकों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे जिले के अधिक से अधिक युवाओं का चयन अग्निवीर भर्ती में सुनिश्चित हो सके। जिला प्रशासन ने पात्र आवेदकों से कहा कि वे उपलब्ध कराए जा रहे यूट्यूब लिंक के माध्यम से नियमित रूप से ऑनलाइन क्लासेस में जुड़ें।

# 332 पदों पर संविदा भर्ती हेतु 29 मई तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई अंतर्गत आरओपी 2025-26 में दिये गये मानव संसाधन के स्वीकृत कुल 22 कैडर के तहत 332 पदों पर संविदा भर्ती हेतु 29 मई शाम 5 बजे तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित की गई है। इच्छुक एवं पात्र उम्मीदवार निर्धारित तिथि व समय तक वेबसाईट https:// govthealth.cg.gov.in/RecRajnandgaonCont2026 के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सूचनात्मक सूचना**

पी/एनजीपी/एसएस/2024/16/
दिनांक : 18.05.2026

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के नागपुर मंडल में वर्ष 2026-27 के लिए निम्नानुसार एक्ट अप्रेंटिस की भर्ती की जाएगी :
नागपुर मंडल / एसईसीआर : 977 पद
वर्कशॉप / मोतीबाग : 102 पद
उपरोक्त पदों की संख्या आवश्यकतानुसार मंडलीय रेलवे प्रशासन के विवेकाधिकार से बढ़ाई या घटाई जा सकती है।
उम्मीदवार नागपुर मंडल एवं मोतीबाग वर्कशॉप के लिए https://apprenticeshipindia.gov.in वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।
अधिसूचना तथा नियम एवं शर्तें एसईसीआर की वेबसाइट https://secr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दी गई हैं।
ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 19.05.2026 को 11:00 बजे से प्रारंभ होगी तथा 18.06.2026 को 23:59 बजे बंद होगी।

सहायक कार्मिक अधिकारी-III
वरिष्ठ मंडलीय कार्मिक अधिकारी के लिए
द.पू.म. रेलवे/नागपुर

AAA/19/73

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

# मूलभूत सुविधाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए आयुक्त ने किया वार्डवार नोडल अधिकारी नियुक्त

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की सचिव द्वारा बैठक में दिये गये निर्देशानुसार वार्डों में मूलभूत सुविधा बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण कार्य तथा निगम द्वारा संचालित अन्य व्यवस्था के निरीक्षण एवं उसके सफल क्रियान्वयन के लिए निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने वार्डवार प्रभारी नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उन्होंने अपने-अपने प्रभारित वार्ड में सुबह निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार हेतु कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में आयुक्त ने कहा कि नगरीय प्रशासन विभाग की सचिव का प्रमुख उद्देश्य वार्डो में निकाय द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं का सफल क्रियान्वयन करना है।

इसके लिए उन्होंने प्रत्येक वार्ड के लिए नोडल अधिकारी एवं सहायक प्रभारी नियुक्त करने के निर्देश दिए है। निर्देशानुसार 51 वार्डो के लिए निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों को वार्ड सुविधाओं के सफल संचालन व क्रियान्वयन के लिए दायित्व सौंपा गया है।

आयुक्त ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने सहायक के साथ अपने प्रभारित वार्ड में सुबह निरीक्षण करेंगे।



वार्ड में जाकर बिजली, पानी, सफाई के अलावा निर्माण व अन्य कार्य का निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार के दिये निर्देश

निरीक्षण के दौरान वार्ड में रोड, नाली की सम्पूर्ण सफाई, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के पालन, डोर टू डोर कचरा संग्रहण एवं सोर्स पर कचरा पृथक्कीयकरण, एसएलआरएम सेंटर वेस्ट प्रोसेसिंग कार्यो व वेस्ट टू कम्पोस्ट प्लांट सी एंड प्लांट के कार्यो का निरीक्षण-पर्यवेक्षण करना, वार्ड में जी.व्ही.पी./सी.टी.यू. चिन्हांकित कर उसकी सफाई एवं सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक एंव सामुदायिक शौचालयों का निरीक्षण एवं आवश्यक सुविधाए उपलब्ध कराना, शहर में स्वच्छता अभियान के तहत किये गये कार्यो का अवलोकन कराना है। इस प्रकार स्वच्छता संबंधी कार्यो का निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार की दिशा में कार्य करना है।

आयुक्त ने कहा कि साफ सफाई के अलावा पेयजल एंव विद्युत संबंधी कार्यो की नियमित पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण करना, गंदा पानी व कम पानी आने की शिकायत का निराकरण तथा अनावश्यक बहते नल को बंद करने संबंधी कार्य प्राथमिकता से करना है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने वृक्षारोपण कर उसका संरक्षण करना है। वृक्षारोपण के लिए स्थल चयन करना है। साथ ही रेन वॉटर हार्वेस्टिंग एवं हेण्ड पंपो रिचार्जिंग संबंधी कार्यो के लिए भी निरीक्षण करना और बरसात में उसका क्रियान्वयन करना है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के बीएलसी एवं एएचपी घटक अंतर्गत कार्यो की गुणवत्ता, समय सीमा पूर्ण कार्य कराना एवं रिक्त आवासों को समय सीमा में आबंटन कार्य को प्राथमिकता देना है।

उन्होंने कहा कि निकाय क्षेत्र अंतर्गत स्वीकृत/चल रहे विभिन्न विकास, निर्माण कार्यो को समय सीमा में गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने की दिशा में कार्य करना है। इसी प्रकार निगम स्वामित्व वाले भवनो मं आवश्यक सुविधाओ की उपलब्धता, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, शहीदों, महापुरूषो व अन्य प्रबुद्धजनों की मूर्तियों का रख-रखाव, एवं संरक्षण, निकाय के समस्त उद्यानो एवं शहर के स्कूल/आंगनबाडी में आवश्यक व्यवस्था जैसे बिजली, पानी, स्वच्छता इत्यादि उचित अनिवार्य व्यवस्था भी सुनिश्चत करना है। आयुक्त ने कहा कि सभी नोडल अधिकारी अपने प्रभारित वार्डो में उपरोक्तानुसार कार्यो का प्रातः निरीक्षण कर व्यवस्था में सुधार करना सुनिश्चित करेंगे।

# तूफान में उड़ा टिन, खुली पोल, घिरी पंचायत, 8 लाख की शराब दुकान बनी भ्रष्टाचार की मिसाल



**जालबांधा पंचायत में निर्माण कार्यों पर उठे गंभीर सवाल, ग्रामीणों ने सरपंच पर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप**

खैरागढ़ (दावा)। लगभग 8 लाख रुपये की लागत से निर्मित शराब दुकान ग्राम पंचायत जालबांधा में अब भ्रष्टाचार और लापरवाही का प्रतीक बनती नजर आ रही है। तेज हवा और तूफान के दौरान दुकान की छत पर लगा टिन पूरी तरह उड़कर दूर जा गिरा जिसके बाद निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। घटना के बाद शराब दुकान खुले आसमान के नीचे संचालित होती दिखाई दी और शराब खरीदने वालों की भीड़ लगी रही। ग्रामीणों का आरोप है कि जिस निर्माण पर लाखों रुपये खर्च बताए गए वह पहली ही तेज हवा में धराशायी हो गया। लोगों का कहना है कि अगर निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण होता तो यह स्थिति निर्मित नहीं होती। मामले को लेकर जालबांधा पंचायत के 14 पंचों सहित ग्रामीणों ने कुछ दिन पहले ही अनुभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम) के पास शिकायत दर्ज कराई थी।

शिकायत में पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं के कुल 9 अलग-अलग मामलों का उल्लेख किया गया है। मामला फिलहाल जांच और विचाराधीन बताया जा रहा है, शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि शराब दुकान निर्माण में वास्तविक खर्च से अधिक राशि का आहरण किया गया। ग्रामीणों का कहना है,कि सरकारी राशि का दुरुपयोग कर केवल कागजों में विकास दिखाया गया, जबकि जमीनी हकीकत पहली बारिश और तूफान में सामने आ गई। घटना के बाद पंचायत और सरपंच की कार्यप्रणाली पर सवाल तेज हो गए हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। इलाके में यह चर्चा भी जोरों पर है कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो पंचायत में हुए अन्य निर्माण कार्यों की गुणवत्ता भी संदेह के घेरे में आ सकती है।

# क्षेत्रिय निषाद समाज प्रथम बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में छत्तीसगढ़ निषाद धर्मशाला वार्ड नंबर 1 में क्षेत्रीय समिति का प्रथम बैठक संपन्न हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष हीरा सिंह निषाद के नेतृत्व में क्षेत्रीय पदाधिकारी डोंगरगढ़ की क्षेत्र के 15 पचगैंहा प्रमुखो एवं डोंगरगढ़ के सामाजिक बंधु एवं माताओ के समक्ष विगत 5 वर्षों का आय-व्यय ब्यौरा समाज के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जिसमें समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी उपाध्यक्ष बालाराम, सुकालू राम, सचिव चूरामन लाल, सह-सचिव रामा निषाद, संगठन सचिव कीर्तन निषाद, कोषाध्यक्ष कनक राम, अंकेक्षक भागचंद निषाद, महिला अध्यक्ष श्रीमती गोदावरी निषाद, महिला सचिव श्रीमती बबीता उपस्थित थे। जिसमें प्रमुख रूप से प्रदेश संरक्षक सवंलू राम निषाद, पचगैंहा अध्यक्ष चिंताराम निषाद, शिव निषाद पूर्व पार्षद, हरिराम निषाद, भानू लारिया, पुरुषोत्तम निषाद, अशोक निषाद, शंकर लारिया, अमर निषाद, मलखम निषाद, ठाकुर राम निषाद, गिरधर प्रसाद लारिया, उमा निषाद सहित भारी संख्या में निषाद समाज के गणमान्य नागरिक की उपस्थिति थे।

# रेलवे स्टेशन पर बीपी स्काउट एवं रानी लक्ष्मीबाई गाईड ग्रुप द्वारा पेयजल सेवा का आयोजन



**भीषण गर्मी में राहत की बूंदें : डोंगरगढ़ स्टेशन पर स्काउट-गाइड द्वारा शीतल पेयजल सेवा**

डोंगरगढ़ (दावा)। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर मंडल के अंतर्गत बी.पी. स्काउट ग्रुप एवं रानी लक्ष्मीबाई गाइड ग्रुप, डोंगरगढ़ द्वारा दिनांक 17 मई एवं 18 मई 2026 को डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए एक सराहनीय पेयजल सेवा का आयोजन किया गया। तेज धूप और बढ़ती गर्मी के बीच स्टेशन पर पहुंचने वाले एवं यहां से यात्रा करने वाले सैकड़ों यात्रियों को शीतल एवं स्वच्छ पेयजल वितरित कर राहत पहुंचाई गई। अचानक मिली इस सेवा से यात्रियों के चेहरे खिल उठे और उन्होंने स्काउट-गाइड के इस मानवीय प्रयास की खुलकर प्रशंसा की।

कार्यक्रम के दौरान स्काउट एवं गाइड सदस्यों ने पूरे अनुशासन, सेवा भावना और उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। जिससे स्टेशन परिसर में सेवा और सहयोग का एक प्रेरणादायक वातावरण बना रहा। इस अवसर पर नागपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक दिलीप सिंह एवं वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी श्रीमती आर. छोरिया द्वारा इस पहल की सराहना की गई तथा इसे यात्रियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया गया। यह पहल न केवल यात्रियों को गर्मी से राहत देने में सफल रही, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी और सेवा के संदेश को भी प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करती है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे परिवार ने इस उत्कृष्ट प्रयास की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों के निरंतर आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की है।

## पहला कॉलम...

### कलकसा भैंसरा में 22 मई से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

डोंगरगढ़ (दावा)। स्टार क्रिकेट क्लब ग्राम कलकसा व भैंसरा के समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में हाईस्कूल मैदान भैंसरा में 22 मई से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि उक्त प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 12000 रूपए श्रीमती उमा विनोद धुर्वे सरपंच ग्राम पंचायत कलकसा एवं समिति द्वारा प्रदत्त, द्वितीय पुरस्कार 6000 रूपए श्रीमती उत्तरा राजू उइके सरपंच ग्राम पंचायत भैंसरा द्वारा प्रदत्त एवं तृतीय पुरस्कार 3000 रूपए श्रीमती अहिल्या रामेश्वर कंवर जनपद सदस्य क्षेत्र कलकसा द्वारा प्रदान किया जाएगा।

उक्त आयोजन में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामवासियों का भी विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। समिति के अध्यक्ष लोकेश लक्की साहू, उपाध्यक्ष संतोष साहू, सचिव तिलक कतलाम, सहसचिव विष्णु मंडावी संचालक कामेश वर्मा एवं स्टार क्रिकेट क्लब सदस्यों ग्राम प्रमुख नरोत्तम कुंजाम अशोक दास साहू, हेमलाल सिन्हा, पवन पडोटी, मुकेश साहू, जितेन्द्र उइके तथा समस्त ग्रामवासियों ने ग्रामीण अंचल के क्रिकेट टीमों से उक्त प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक सम्मिलित होने की अपील की है।

### प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

**कलेक्टर की समीक्षा के बाद चार दिन में 921 वेंडर्स का ऋण प्रकरण स्वीकृत एवं 79 को ऋण वितरण**

राजनांदगांव (दावा)। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत स्ट्रीट वेंडर्स को निजी व्यवसाय के लिए व्यक्तिगत ऋण प्रदान कर आत्मनिर्भर बनाने का कार्य किया जा रहा है। योजना का क्रियान्वयन जिले के नगरीय निकायों में निवासरत छोटे व्यावसायियों से भी पीएम स्वनिधि के वेबसाईट में ऑनलाईन आवेदन लिया जा रहा है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार बैंकर्स द्वारा ऋण प्रकरणों में वृद्धि करते हुए बैंकों द्वारा एक सप्ताह के भीतर 921 वेंडर्स के प्रकरण स्वीकृत कर 79 ऋण वितरण किया गया है।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना का लाभ लेने जिले के निकाय क्षेत्र के शहरी पथ विक्रेता एवं छोटे दुकानदारों द्वारा विभिन्न बैंकों में ऋण लेने ऑनलाईन आवेदन किया गया है। पात्र व्यवसायियों को बैकों द्वारा प्रकरणों पर स्वीकृति प्रदान करते हुए पात्र नागरिकों को ऋण का वितरण कर लाभान्वित किया जा रहा है।

योजनांतर्गत बैंकों के माध्यम से तीन स्तर में ऋण देने का प्रावधान है। प्रथम ऋण राशि 15 हजार रूपए, प्रथम ऋण अदायगी करने पर द्वितीय ऋण 25 हजार रूपए एवं द्वितीय ऋण अदायगी करने पर तृतीय ऋण 50 हजार रूपए का ऋण देने का प्रावधान है। योजनांतर्गत ऋण पर हितग्राही द्वारा नियमित रूप से ऋण अदायगी करने पर बैंक द्वारा ली जाने वाली ब्याज राशि में 7 प्रतिशत की राशि अनुदान के रूप में देने का प्रावधान किया गया है।

### मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना चयन लिखित परीक्षा रविवार 26 जुलाई को

**0 आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 20 जून तक**

राजनांदगांव(दावा)। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत वर्ष 2026-27 के कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु रविवार 26 जुलाई 2026 दोपहर 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय (पेण्ड्री) राजनांदगांव में चयन लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए इच्छुक एवं पात्र विद्यार्थी संबंधित विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से संपर्क कर सकते है। आवेदन पत्र अपने अध्ययनरत शाला में 20 जून 2026 तक जमा कर सकते है। मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत आयोजित चयन लिखित परीक्षा में शामिल होने के लिए विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए।

विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में मान्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग का होना चाहिए। जिसके लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण-पत्र धारक होना आवश्यक है। विद्यार्थी छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा पांचवीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हो। कक्षा चौथी की परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक या समकक्ष ग्रेड प्राप्त करने वाले विद्यार्थी चयन परीक्षा में शामिल होने के पात्र होंगे। पिता या पालक की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 2.50 लाख रूपए से अधिक नहीं होना चाहिए।

आय प्रमाण-पत्र एवं निर्धारित प्रपत्र में पालक का स्वघोषणा पत्र होना चाहिए। योजना अंतर्गत विद्यार्थियों का चयन पूर्णतः ग्रामीण क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों से किया जायेगा, अर्थात ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत तथा नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा चौथी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगे। नगर पालिका तथा नगर निगम क्षेत्र में स्थित विद्यालयों में अध्ययनरत विद्यार्थी योजना का लाभ लेने हेतु पात्र नहीं होंगे।

# मोदी जी पत्रकारों के सवालों से डरते हैं, मनमोहन सिंह ने ली थीं 115 से अधिक पत्रकार वार्ता : विभा साहू

**विदेशी दौरों के बाद भी फेल साबित हुई विदेश नीति, डॉलर के मुकाबले रुपया 96 पार पहुंचने पर घेरा**



राजनांदगांव (दावा)। जिला पंचायत की फायर ब्रांड सदस्य श्रीमती विभा साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि वे पत्रकारों और उनके सवालों से डरने वाले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया के सवालों का सामना करने से बचते रहे हैं और अपने प्रधानमंत्री कार्यकाल गिने चुने में उन्होंने खुलकर पत्रकार वार्ता नहीं की है। श्रीमती साहू ने मंगलवार को जारी अपने बयान में कहा कि देशवासी को विदेश दौरा न करने की सलाह देने वाले प्रधानमंत्री मोदी हाल ही में नार्वे विदेश दौरे के दौरान भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महिला पत्रकारों के सवालों का सीधा जवाब देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर 2026 तक प्रधानमंत्री मोदी ने कितनी खुली पत्रकार वार्ताएं की हैं। यह देश की जनता को बताया जाना चाहिए।

श्रीमती साहू ने कहा कि लोकतंत्र में जनता के सवालों का जवाब देना सरकार और प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी होती है, लेकिन वर्तमान दौर में सवाल पूछने वालों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार केवल प्रचार और इवेंट मैनेजमेंट की राजनीति कर रही है। जबकि आम जनता महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट जैसी समस्याओं से जूझ रही है। जिसका वर्तमान उदाहरण देश के रूपये का गिरना है। मोदी जी गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए मंच से जनता को बताया था। ऐसे ही रूपये नहीं गिरता मैं भी सरकार में हूँ। प्रधानमंत्री मोदी 14 मई 2014 में सत्ता में आए तब डालर के मुकाबले रूपए 60 रूपए था और आज 46.35 रूपये बढ़कर 96.35 रूपए पर आ गया है। 12 वर्षों में 69 देशों के 99 अंतरराष्ट्रीय यात्रा करने के बाद भी विदेश नीति में फेल साबित हुए हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की कार्यशैली की सराहना करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि वे अपने कार्यकाल में 115 से अधिक बार प्रेसवार्ता करने वाले देश के सबसे मजबूत और गंभीर प्रधानमंत्रियों में से एक थे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह ने अपने कार्यकाल में देश को आर्थिक मजबूती प्रदान की और वैश्विक स्तर पर भारत की साख को मजबूत किया। आर्थिक सुधारों और स्थिर नीतियों के कारण भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हुआ जिसे देश कभी नहीं भूल सकता। श्रीमती साहू ने केंद्र सरकार से पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की मांग करते हुए कहा कि लोकतंत्र में संवाद और सवालों से भागना देशहित में नहीं है।

# जिले में सुरक्षित मातृत्व अभियान को मिल रही मजबूती

*राजनांदगांव (दावा)। जिले में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी एवं तकनीकी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल करते हुए आरसीएच 2.0 पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु निजी अस्पतालों के चिकित्सकों एवं स्टाफ नर्सों, प्रतिनिधियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी निजी अस्पतालों के चिकित्सा एवं स्टाफ नर्स, प्रतिनिधि शामिल हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरत्न ने बताया कि, भारत सरकार द्वारा गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच सुरक्षित प्रसव एवं उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली महिलाओं की निगरानी और बेहतर प्रबंधन के उद्देश्य से आरसीएच 2.0 पोर्टल विकसित किया गया है। उन्होंने कहा कि, पोर्टल के माध्यम से गर्भवती महिलाओं की समस्या स्वास्थ्य जांच उपचार एवं प्रसव संबंधी जानकारी ऑनलाइन दर्ज की जाएगी। जिससे समय पर निगरानी और आवश्यक चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना आसान होगा। अब निजी चिकित्सा अस्पतालों को भी इस व्यवस्था से जोड़ा गया है, ताकि प्रत्येक गर्भवती महिला का रिकॉर्ड सुव्यवस्थित तरीके से दर्ज हो सके और सुरक्षित मातृत्व अभियान को मजबूती मिल सके। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर जिला प्रबंधक डाटा अखिलेश चोपड़ा द्वारा आरसीएच 2.0 पोर्टल के संचालन डाटा एंट्री प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं का विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही पोर्टल के माध्यम से उच्च जोखिम गर्भवती महिलाओं की पहचान एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक संदीप ताम्रकार, जिला डाटा सहायक श्रीमती प्रीति सिंह, पुनेश्वर दास एवं ताम्रध्वज साहू तथा निजी अस्पतालों के चिकित्सक, स्टाफ नर्स एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

# विश्व पर्यावरण दिवस के अंतर्गत विशेष स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन अभियान 19 से 22 मई तक



**विश्व पर्यावरण दिवस 2026 पर नागपुर मंडल का विशेष अभियान, स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर**

डोंगरगढ़ (दावा)। विश्व पर्यावरण दिवस 2026 के अवसर पर 15 मई से 5 जून 2026 तक चल रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल द्वारा मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में 19 से 22 मई तक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों को स्वच्छ, प्लास्टिक मुक्त एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना तथा यात्रियों एवं कर्मचारियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसमें वाणिज्य, इंजीनियरिंग, यांत्रिक, स्वास्थ्य एवं अन्य विभागों की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित की गई है।अभियान के तहत प्लेटफार्मों पर कचरे का पृथक्करण (गीला एवं सूखा) सुनिश्चित किया जा रहा है तथा यात्रियों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग से बचने एवं इको-फ्रेंडली विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### डोंगरगढ़ सहित गोंदिया एवं राजनांदगांव स्टेशनों में विशेष अभियान चलाया गया

गोंदिया, डोंगरगढ़ एवं राजनांदगांव स्टेशनों पर विशेष स्वच्छता एवं वेस्ट मैनेजमेंट ड्राइव चलाकर जनजागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की गई। साथ ही रेलवे कर्मचारियों के लिए भी विशेष जागरूकता सत्रों का आयोजन किया गया।मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता ने कहा कि स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी है और ऐसे अभियान रेलवे को स्वच्छ एवं हरित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। नागपुर मंडल ने सभी यात्रियों से अपील की है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और स्वच्छ, हरित एवं सुरक्षित वातावरण के निर्माण में योगदान दें।

# लालूटोला में इंटक ने लगाया शिविर, युवाओं ने उत्साह से किया ब्लड डोनेट




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस संघ (इंटक) द्वारा लालूटोला में एक वृहद रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। बालाजी ब्लड सेंटर और आशीर्वाद ब्लड सेंटर के विशेष सहयोग से आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों के मन में रक्तदान को लेकर फैली भ्रांतियों को दूर करना और इसके महत्व को समझाना था। सुबह 9 बजे शुरू हुए इस शिविर में युवाओं और आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वेच्छा से रक्तदान किया।

शिविर का शुभारंभ इंटक के जिला अध्यक्ष अनुराग भाई राजपूत ने किया। इस दौरान डॉक्टरों और नर्सों की विशेष टीम ने अपनी सेवाएं दीं। शिविर में उपस्थित इंटक जिला राजनांदगांव एवं डोंगरगांव के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और ब्लॉक पदाधिकारियों ने लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान ही महादान है। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी आपात स्थिति में मरीज का जीवन बचा सकता है। यह न सिर्फ दूसरों की जिंदगी संवारता है, बल्कि रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी बेहद फायदेमंद है।

शिविर में जितने भी नागरिकों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, उन सभी को संगठन की ओर से स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इंटक पदाधिकारियों ने बताया कि खून की कमी से किसी की जान न जाए, इसके लिए आने वाले समय में भी इस तरह के रक्तदान शिविर लगातार आयोजित किए जाएंगे और ग्रामीण अंचलों में इसका व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इस सेवा कार्य के दौरान राजनांदगांव और डोंगरगांव इंटक के जिला व ब्लॉक स्तरीय अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सह-सचिव सहित संगठन के सक्रिय कार्यकर्ता, मेडिकल स्टाफ और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# बढ़ती महंगाई और खाद संकट के खिलाफ कुमर्दा में कांग्रेस का हल्लाबोल, विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में प्रदर्शन




जोंधरा (दावा)। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के तत्वावधान में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में वृद्धि, सोना-चांदी के बढ़ते दाम तथा किसानों को खाद की पर्याप्त उपलब्धता नहीं होने के विरोध में विधायक भोलाराम साहू के नेतृत्व में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए आम जनता, किसानों एवं मध्यम वर्गीय परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया।

विधायक भोलाराम साहू ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई ने आम नागरिकों की कमर तोड़ दी है। पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के दामों में लगातार वृद्धि से परिवहन, खाद्य सामग्री एवं दैनिक उपयोग की वस्तुएं महंगी हो गई हैं। जिससे गरीब एवं मध्यम वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो पा रही है। कई सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण नहीं होने से किसान परेशान हैं और खेती-किसानी प्रभावित हो रही है। एक ओर किसान खेती के सीजन में खाद के लिए भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान में गंभीर नजर नहीं आ रही है। धरना प्रदर्शन के पश्चात राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस की कीमतों में राहत देने, खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा महंगाई पर नियंत्रण हेतु ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस अवसर पर बीरेंद्र बोरकर प्रभारी कुमर्दा, प्रताप धावड़े अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा, अब्दुल खान, नरेश शुक्ला, शरद चंद्राकर, दुर्गा महानदिया, कान्ति भण्डारी, देव पन्द्रों, शैलेन्द्री सिन्हा, गिरीश सोनवानी, अगनु साहू, कामता साहू, लक्ष्मी नारायण साहू, रामाआधार साहू, पूरन साहू, चंदू साहू, विक्रम साहू, प्रभुराम बोरकर, मोहन चुरेन्द्र, चुरामन कौशिक, कुबेर राणा, ढालचंद साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमर्दा के पदाधिकारी, कांग्रेस कार्यकर्ता, किसान एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# घुमका में कांग्रेस की एकजुटता और जनसमर्थन ने जीत का मजबूत संदेश दिया : विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। डोगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के घुमका नगर पंचायत चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन के दौरान आज अभूतपूर्व उत्साह और जनसमर्थन देखने को मिला। अध्यक्ष पद हेतु कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती फुलमती वर्मा एवं 15 वार्डों के पार्षद प्रत्याशियों ने एकसाथ अपना नामांकन दाखिल किया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष,जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव ग्रामीण के सचिव एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए कार्यकर्ताओं एवं आमजन के साथ नामांकन रैली में उपस्थिति दर्ज कराई। नामांकन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, युवा, मातृशक्ति एवं वरिष्ठजन उपस्थित रहे। पूरे नगर में कांग्रेस के पक्ष में उत्साह, ऊर्जा और जनविश्वास का माहौल दिखाई दिया।

विष्णु लोधी ने कहा कि घुमका की जनता नगर के विकास, जनहित और मजबूत नेतृत्व के पक्ष में अपना समर्थन दे रही है। कार्यकर्ताओं का जोश और जनता का आशीर्वाद यह स्पष्ट संकेत दे रहा है कि कांग्रेस नगर पंचायत चुनाव में मजबूत स्थिति में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सदैव आम जनता की आवाज बनकर कार्य करती रही है और आने वाले समय में घुमका के विकास, मूलभूत सुविधाओं एवं जनसमस्याओं के समाधान को प्राथमिकता दी जाएगी।

# पहला कॉलम...

## अमेरिका की मस्जिद में फायरिंग, 3 लोगों की हत्या के बाद दो हमलावरों ने खुद को भी मार डाला

नई दिल्ली। सैन डिएगो की एक मस्जिद में दो हमलावरों ने गोलीबारी की। दोनों हमलावरों ने तीन लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना के बाद थोड़ी दूर जाकर दोनों हमलावरों ने खुद को भी मार डाला। जानकारी के मुताबिक दोनों हमलावर नाबालिग थे। सैन डिएगो पुलिस प्रमुख स्कॉट वाहल ने बताया कि सैन डिएगो के इस्लामिक सेंटर पर हुए इस हमले की जांच 'हेट क्राइम' के तौर पर की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिन परिस्थितियों के चलते यह घटना हुई, वे आने वाले दिनों में सामने आ जाएंगी।

पुलिस प्रमुख वाहल ने बताया कि पुलिस अधिकारी दिन की शुरुआत में ही उन किशोरों में से एक की मां से बात कर रहे थे। मां ने सुबह करीब 9ः40 बजे पुलिस से संपर्क करके बताया था कि उसका बेटा कई हथियारों और उसकी गाड़ी के साथ लापता है। वाहल ने कहा, उसे धीरे-धीरे यह अंदाजा होने लगा था कि वह किस तरह की गंभीर स्थिति का सामना कर रही है, और वह यह बात हमारे अधिकारियों को बता रही थी। हम उन जानकारियों को जोड़कर एक पूरी तस्वीर बनाने की कोशिश कर रहे थे, ताकि जितनी जल्दी हो सके, हम इस घटना को होने से रोक सकें।

वाहल ने बताया कि मां को एक नोट भी मिला था। उन्होंने नोट में लिखी बातों का खुलासा तो नहीं किया, लेकिन इस मामले के बारे में कहा, इसमें निश्चित रूप से नफ़रत भरी बातें शामिल थीं। हालांकि, वाहल ने यह भी स्पष्ट किया कि इस्लामिक सेंटर ऑफ सैन डिएगो के खिलाफ कोई विशिष्ट धमकी नहीं दी गई थी। वाहल ने बताया कि जिस किशोर की मां ने पुलिस से संपर्क किया था, वह मैडिसन हाई स्कूल का छात्र था। यह स्कूल इस्लामिक सेंटर से करीब एक मील की दूरी पर स्थित है। पुलिस ने अभी तक उन किशोरों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं।

## अमेरिका में कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं की एंट्री रोकने की तैयारी, पेश हुआ ओढडरअसइ एक्ट बिल

नई दिल्ली। अमेरिका में विदेशी धार्मिक नेताओं की एंट्री को लेकर नई बहस शुरू हो गई है. टेक्सास से रिपब्लिकन सांसद चिर रॉय को एक नया बिल पेश किया, जिसका नाम Inhibiting Militant Adversarial Mullahs (IMAM) एक्ट रखा गया है. इस बिल का मकसद उन कट्टरपंथी धार्मिक नेताओं को अमेरिका आने से रोकना है, जिन पर अमेरिका विरोधी विचार फैलाने या आतंकवाद का समर्थन करने के आरोप हैं.

चिप रॉय ने इस बिल को पेश करते हुए कहा कि अमेरिका को ऐसे विदेशी मौलवियों और धार्मिक नेताओं के लिए रेड कार्पेट नहीं बिछाना चाहिए, जो अमेरिका के खिलाफ नफरत फैलाते हों या कट्टरपंथी शासन के प्रवक्ता की तरह काम करते हों. उन्होंने दावा किया कि कुछ लोग धार्मिक वीजा का इस्तेमाल कर अमेरिका में प्रवेश करते हैं और वहां चरमपंथी विचारधारा फैलाते हैं.

यह दो पन्नों का छोटा बिल अमेरिकी इमिग्रेशन कानून की धारा 101 (ए) (15)(आर) में संशोधन का प्रस्ताव देता है. इसके तहत 'इमाम, ग्रैंड इमाम, मुफ्ती, ग्रैंड मुफ्ती, आयतुल्लाह और ग्रैंड आयतुल्लाह' जैसे धार्मिक पदों वाले विदेशी नागरिकों को धार्मिक कार्यकर्ता वीजा के जरिए अमेरिका में प्रवेश करने से रोका जा सकता है. चिप रॉय ने कहा कि कई वर्षों से विरोधी विचारधारा वाले धार्मिक चेहरे अमेरिकी इमिग्रेशन कानून की कमजोरियों का फायदा उठा रहे हैं. उनके मुताबिक, ये लोग धार्मिक वीजा लेकर अमेरिका आते हैं और फिर कट्टरपंथी सोच को बढ़ावा देते हैं. उन्होंने कहा कि ढ्ढरूरू ष्ह्ल यह साफ संदेश देता है कि अमेरिका मंत्रालय के नाम पर किसी उग्रवादी विचारधारा को आयात नहीं करेगा. शरिया-मुक्त अमेरिका कॉकस के सह-संस्थापक रहे चिप रॉय ने यह भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति पश्चिमी देशों के दुश्मनों के मूल्यों को बढ़ावा देता है, तो उसे अमेरिका आने का वीजा नहीं मिलना चाहिए.

## भारत में खाने के तेल का आयात पहुंचा 166.51 लाख टन

नई दिल्ली। इंडस्ट्री बॉडी सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (स्त्र) ने जानकारी देते हुए बताया कि साल 2025-26 में भारत के खाद्य तेल का आयात 3 फीसदी बढ़ कर 166.51 लाख टन पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष में भारत ने 161.82 लाख टन खाद्य तेल आयात किया था।

भारत और नेपाल के बीच दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र समझौते के तहत नेपाल को भारतीय बाजार में शून्य शुल्क पर निर्यात की सुविधा मिलती है। इसका सीधा असर आंकड़ों में देखें तो नेपाल ने इस साल भारत को 7.36 लाख टन एडिबल ऑयल एक्सपोर्ट किया। जो पिछले फाइनेंशियल ईयर में भेजे गए 3.45 लाख टन से दोगुना से भी अधिक है, और इसमें करीब 113 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।

रिपोर्ट की मानें तो नेपाल से आने वाले खाद्य तेलों में सबसे अधिक हिस्सेदारी रिफाइंड सोयाबीन तेल की रही।

# अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का ऐलान, प्रिंस-गुरनूर को मिला मौका



अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली भी खेलेंगे

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अफगानिस्तान के खिलाफ अगले महीने होने वाली वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीम का एलान कर दिया है। पुरुष चयन समिति की मंगलवार को गुवाहाटी में बैठक हुई जिसके बाद टीम की घोषणा की गई।

अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज में रोहित शर्मा और विराट कोहली भी खेलेंगे। दोनों देशों के बीच यह सीरीज आईपीएल 2026 के खत्म होने के बाद खेली जाएगी। अगले साल वनडे विश्व कप होना है, इसलिए इसकी तैयारी के लिहाज से यह सीरीज अहम होगी।

प्रिंस यादव और गुरनूर बराड़ को पहली बार भारतीय वनडे टीम में जगह मिली है। वहीं, हार्दिक पांड्या की वनडे टीम में वापसी हुई है। हालांकि, उनका इस सीरीज में खेलना फिटनेस पर निर्भर करता है। वहीं, रोहित शर्मा भी टीम में शामिल हैं, लेकिन वह सीरीज में खेलेंगे या नहीं यह उनके फिटनेस पर निर्भर करता है। उम्मीद के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को वनडे सीरीज के लिए आराम दिया गया है, जबकि वह टेस्ट टीम का भी हिस्सा नहीं हैं।

दिलचस्प बात यह है कि भारत के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को वनडे टीम में जगह नहीं मिली है। टीम गिल की कप्तानी में खेलने उतरेगी और श्रेयस अय्यर उपकप्तान बनाए गए हैं। वहीं, केएल राहुल को भी वनडे टीम में जगह नहीं मिली है और उनकी जगह विकेटकीपर के तौर पर ईशान किशन को मौका मिला है। ईशान टी20 के बाद भारतीय वनडे टीम में भी वापसी करने में सफल रहे हैं। हालांकि, शानदार फॉर्म में चल रहे संजू सैमसन को मौका नहीं दिया गया है।

अफगानिस्तान के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उपकप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर, कुलदीप यादव, अर्शदीप सिंह, प्रसिद्ध कृष्णा, प्रिंस यादव, गुरनूर बराड़, हर्ष दुबे।

# ऋषभ पंत टेस्ट उप-कप्तानी से हटाए गए; ओडीआई टीम से भी बाहर

नई दिल्ली। आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जायंट्स के निराशाजनक प्रदर्शन का असर टीम इंडिया के विकेटकीपर-बल्लेबाज़ ऋषभ पंत पर भी पड़ा है। चयन समिति के प्रमुख अजीत अगरकर और अन्य चयनकर्ताओं ने उन्हें भारत बनाम अफगानिस्तान एकमात्र टेस्ट मैच के लिए उप-कप्तानी की जिम्मेदारी से हटा दिया है।



सूत्रों के अनुसार, शुभमन गिल की अनुपस्थिति में ऋषभ पंत ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज़ में भारत की कप्तानी की थी, लेकिन उस सीरीज़ में टीम को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद उनके नेतृत्व और बल्लेबाजी प्रदर्शन दोनों पर सवाल उठे हैं।

इसके साथ ही चयनकर्ताओं ने वनडे टीम में भी पंत को जगह नहीं दी है। उनकी जगह केएल राहुल को उप-कप्तानी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बताया जा रहा है कि यह फैसला टीम में अनुभव और निरंतर प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

IPL 2026 में पंत की कप्तानी वाली रुस्त्र का प्रदर्शन भी बेहद खराब रहा है और टीम अंक तालिका में सबसे नीचे चल रही है। पंत का व्यक्तिगत प्रदर्शन भी उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा है। इस सीजन में उन्होंने 12 मैचों में केवल 251 रन बनाए हैं।

# चेन्नई में खेला जाएगा एक और लीग का मुकाबला, दुनिया की दो बड़ी टीमें होंगी आमने- सामने



नई दिल्ली। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में वैसे तो आईपीएल के खूब मैच खेले जाते हैं। साथ ही इंटरनेशनल मुकाबले भी होते हैं। इस बीच अब संभावना इस बात की है कि एक और बड़ी लीग का मुकाबला यहां खेला जाएगा। हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन मैच होने का रास्ता करीब करीब साफ नजर आ रहा है। हम बात कर रहे हैं बीबीएल यानी बिग बैश लीग की, जिसका एक मैच चेन्नई में कराए जाने का गंभीरता से विचार किया जा रहा है।

आईपीएल की तर्ज पर ऑस्ट्रेलिया में बीबीएल यानी बिग बैश लीग का आगाज हुआ था। उसके बाद से ये टूर्नामेंट भी सफलता के नए आयाम छू रहा है। हर साल दिसंबर में इसके मैच होते हैं। वैसे तो इससे पहले तक बीबीएल के मैच ऑस्ट्रेलिया में ही होते चले आ रहे हैं, लेकिन अब लगता है कि इस टूर्नामेंट को ग्लोबल बनाने की तैयारी की जा रही है। इसलिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने तैयारी की है कि इसका एक मैच भारत में भी कराया जाएगा। जो करीब करीब तय सा नजर आ रहा है।

आईपीएल का एक मुकाबला सोमवार को चेन्नई में हुआ। इसमें चेन्नई सुपरकिंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें आमने सामने थीं। सभी लोग जब मैच देखने में व्यस्त थे, तब पता चला कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया का एक प्रतिनिधि मंडल भी स्टेडियम में मौजूद है। बतायाज जाता है कि बीबीएल के नए सीजन का पहला मैच चेन्नई में खेला जा सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से ये पहल की गई थी, जिसमें चेन्नई में मैच कराने को लेकर चर्चा हुई थी। इस बीच क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को बीसीसीआई और तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से सकारात्मक फीडबैक मिला है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की एक टीम सोमवार को चेन्नई में थी। इस दौरान बीसीसीआई के अध्यक्ष मिथुन मिन्हास भी यहां पर मौजूद थे। हालांकि मैच की तारीख और सब कुछ पक्का करने में अभी कुछ देरी है। कुछ दौर की बातचीत के बाद इस पर आखिरी मोहर लगा दी जाएगी।

# बाबर आजम ने फिर कटाई नाक, कप्तान शान मसूद भी अधूरा छोड़कर चले गए



नई दिल्ली। बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच खेले जा रहे टेस्ट मैच में पाकिस्तानी टीम एक बार फिर से संकट में है। टीम के सामने एक बड़ा लक्ष्य रखा गया है, लेकिन उससे बहुत पहले ही टीम के बड़े कहे जाने वाले बल्लेबाजों की जान सूख गई। पूर्व कप्तान बाबर आजम ने एक बार फिर से टीम की नाक कटवाने का काम किया। मौजूदा कप्तान शान मसूद ने थोड़ी देर ठीक बल्लेबाजी की, लेकिन वे भी टीम को मुश्किल में छोड़कर चले गए। अब इस मैच में पाकिस्तान की हार करीब करीब तय सी नजर आ रही है।

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही सीरीज के दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश ने पहली पारी में 278 रन बनाए थे। इसके बाद पाकिस्तान की पहली पारी केवल 232 रन पर ही सिमट गई। बांग्लादेश ने अपनी दूसरी पारी में 390 रन बना दिए और इसके बाद पाकिस्तान को आखिरी पारी में 437 रन बनाने हैं। हालांकि दूसरी पारी में आधी टीम बहुत ही छोटे स्कोर पर सिमट गई। जब टीम का स्कोर 162 रन था, तभी कप्तान शान मसूद के रूप में पांचवां विकेट गिरा।

दूसरी पारी में जब पाकिस्तान क्रिकेट टीम को बाबर आजम की सख्त जरूरत थी, तब वे केवल 47 रन बनाकर आउट हो गए। उन्होंने 52 का सामना कर चार चौके और एक छक्का ठोका। कप्तान शान मसूद ने 116 बॉल खेलकर 71 रन बनाए। उनके बल्ले से आठ चौके आए। 200 रन पूरे होने से पहले आधी टीम का आउट हो जाना मतलब ये है कि पाकिस्तानी टीम अब हार के मुहाने पर खड़ी है।

# भारत-नॉर्वे ने पांच अहम समझौतों पर किए हस्ताक्षर, इन क्षेत्रों में मिलेगा फायदा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नॉर्वे यात्रा के दौरान भारत और नॉर्वे ने विज्ञान और तकनीक साझेदारी को मजबूत करते हुए पांच बड़े समझौतों पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते ग्रीन एनर्जी, सतत विकास, समुद्री तकनीक, नवाचार और भू-विज्ञान सहयोग जैसे क्षेत्रों पर केंद्रित हैं। इन समझौतों का उद्देश्य दोनों देशों के बीच संस्थागत सहयोग मजबूत करना, उद्योग और स्टार्टअप भागीदारी बढ़ाना, शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देना और सतत विकास परियोजनाओं को तेजी देना है।



सबसे अहम समझौतों में से एक डीएसआईआर/सीएसआईआर (काउंसिल ऑफ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च) और नॉर्वे की रिसर्च काउंसिल ऑफ नॉर्वे (आरसीएन) के बीच हुआ, जिसके तहत रिसर्च, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट, इनोवेशन और क्षमता निर्माण में सहयोग बढ़ाया जाएगा। समझौते में संयुक्त कार्यशालाएं, रिसर्च एवं डेवलपमेंट प्रोजेक्ट्स, वैज्ञानिकों के एक्सचेंज प्रोग्राम और जलवायु परिवर्तन, स्वच्छ ऊर्जा, समुद्री अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं जैसे वैश्विक मुद्दों पर सहयोग की व्यवस्था शामिल है।

इसके अलावा, सीएसआईआर ने नॉर्वे की प्रमुख स्वतंत्र रिसर्च संस्था एसआईएनटीईएफ के साथ 2026-2029 के लिए एक नया सहयोग समझौता भी किया। यह साझेदारी सर्कुलर इकोनॉमी और सस्टेनेबिलिटी ट्रांजिशन पर केंद्रित होगी, जिसके तहत बायो-बेस्ड मैटेरियल, ओशन एनर्जी, ऑफशोर विंड, कार्बन कैप्चर, स्टोरेज और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों में संयुक्त रिसर्च और इनोवेशन कार्यक्रम चलाए जाएंगे। एक अन्य महत्वपूर्ण समझौते के तहत कई सीएसआईआर संस्थानों ने एसआईएनटीईएफ संस्थाओं के साथ समुद्री ऊर्जा और ऑफशोर विंड एनर्जी तकनीकों पर प्रोजेक्ट आधारित सहयोग समझौता किया। इस सहयोग में सीएसआईआर-स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग रिसर्च सेंटर, सीएसआईआर-नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेट्रीज, सीएसआईआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी और सीएसआईआर-फोर्थ पैराडाइम इंस्टीट्यूट शामिल हैं। वहीं नॉर्वे की ओर से एसआईएनटीईएफ ओशन, एसआईएनटीईएफ डिजिटल, एफएमई नॉर्थविंड और एसआईएनटीईएफ कम्युनिटी इस साझेदारी का हिस्सा होंगे।

# ईरान जंग की आहट से सेंसेक्स-निफ्टी धड़ाम, 8 लाख करोड़ हुआ स्वाहा

मुंबई। कमजोर वैश्विक संकेतों के चलते भारतीय शेयर बाजार सोमवार के कारोबारी सत्र में गिरावट के साथ खुला। सुबह 9ः18 पर सेंसेक्स 851 अंक या 1.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 74,422 और निफ्टी 246 अंक या 1.04 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,392 पर था।

बाजार में चौतरफा बिकवाली देखी जा रही है। सूचकांकों में निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी रियल्टी लूजर्स थे। निफ्टी मीडिया, निफ्टी ऑटो, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज, निफ्टी पीएसयू बैंक, निफ्टी पीएसई, निफ्टी कंजप्शन और निफ्टी एनर्जी के साथ करीब सभी सूचकांक लाल निशान में थे। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी गिरावट देखी गई। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 246 अंक या 1.38 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 17,635 और निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 690अंक या 1.14 प्रतिशत की गिरावट के साथ 59,876 पर था। इस गिरावट के साथ मिनट भर में निवेशकों के 8 लाख करोड़ डूब गए।

सेंसेक्स पैक में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, टीसीएस और भारती एयरटेल गेनर्स थे। पावर ग्रिड, टाटा स्टील, मारुति सुजुकी, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, एमएंडएम, एचयूएल, बजाज फाइनेंस, इंडिगो, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, इटरनल, एशियन पेंट्स, एलएंडटी, कोटक महिंद्रा बैंक, बीईएल, एनटीपीसी और आईटीसी लूजर्स थे।ज्यादातर एशियाई बाजारों में लाल निशान में कारोबार हो रहा था। टेक्यो, शंघाई, बैंकॉक, हांगकांग और जकार्ता लाल निशान में थे, जबकि सोल हरे निशान में था। अमेरिकी शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुए थे, जिसमें मुख्य सूचकांक डाओ जोन्स में 1.07 प्रतिशत और टेक्नोलॉजी सूचकांक नैस्डैक में 1.54 प्रतिशत की गिरावट देखने को मिली थी। जानकारों के मुताबिक, भारत के साथ वैश्विक बाजारों के गिरने की वजह ईरान-अमेरिका तनाव के कारण कच्चे तेल में तेजी आना है। खबर लिखे जाने तक ब्रेंट क्रूड का दाम 1.79 प्रतिशत बढ़कर 111 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड का दाम 2.17 प्रतिशत बढ़कर 103 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया है।

इसके अलावा अमेरिका के 10 साल के बॉन्ड की ब्याज दर 4.63 प्रतिशत पर जाना भी वैश्विक बाजारों में बिकवाली के एक वजह है। विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार के सत्र में शुद्ध विक्रेता थे और इस दौरान उन्होंने 1,329.17 करोड़ रुपए की खरीदारी की थी। वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने इस दौरान 1,958.82 करोड़ रुपए की इक्विटी में बिकवाली की।

**केंद्रीय गृह मंत्री शाह बोले- नक्सल खात्म....**

केंद्र के तहत बस्तर 7 जिलों में 200 सेवा केंद्र बनाए थे। पहले इस कैंप में CAPF, DRG और छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान रहकर क्षेत्र की सेवा करते थे. बस्तर के नक्सल मुक्त होने के बाद हमने तय किया है कि, इनमे से 70 कैंप को हम वीर शहीद गुण्डाधूर सेवा डेरा में तब्दील करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि, वीर शहीद गुण्डाधूर सेवा डेरा का काम होगा, सरकार और सरकारी योजना को बस्तर के गांव के दरवाजे तक लेकर जाना। इस सेवा डेरा में बैंकिंग, आधार कार्ड सहित सारी डिजिटल सेवाएं दी जाएंगी। इसके साथ ही यहां कौशल विकास सहित सभी प्रकार की सेवाएं दी जाएंगी। स्वास्थ्य सेवाएं भी वहां पर उपलब्ध होंगी। सभी योजना का शत प्रतिशत लाभ मिलेगा। सेवा डेरा महिलाओं का आजीविका का साधन होगा। केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने आगे कहा कि, बस्तर में हर एक परिवार को एक भैंस दिया जायेगा। बस्तर में कॉपरेटिक डेयरी शुरू होगा। नक्सलियों के आतंक के कारण अब तक पूरा बस्तर विकास के लिए महरुम रहा। सड़क का निर्माण किया, 13 हजार मोबाइल टावर लगाया, 1804 बैंक खोले, 259 एकलव्य मॉडल स्कूल खोले, 90 हजार से ज्यादा युवाओं का स्कील डेवलप किया गया। युवाओं को स्कील डेवलप किया गया। 45 हजार लोगों ने बस्तर पंडुम शामिल हुए. बस्तर ओलंपिक में 3 लाख 94 हजार खिलाड़ियों ने बस्तर ओलंपिक में शामिल हुए। देश में सभी आदिवासी संभागों में से बस्तर संभाग सबसे संबृद्धि होगी बनेगा।

**ईरान संसद में बना कानून, ट्रंप...**

करते हुए कहा कि कमांडर कासिम सुलेमानी और अब खामेनेई की मौत का बदला देश की जनता लंबे समय से मांग रही है। इस तनाव के बीच हंडाला नाम के एक नामी हैकिंग ग्रुप ने भी दावा किया था कि उन्होंने ट्रंप और नेतन्याहू को रास्ते से हटाने के लिए 50 मिलियन डॉलर का फंड अलग रखा है। इस बीच, व्हाइट हाउस भी पूरी तरह अलर्ट पर है। डोनाल्ड ट्रंप ने पहले ही चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने उनके खिलाफ कोई भी कदम उठाया, तो अमेरिका उस देश को धरती के नक्शे से मिटा देगा। हैरानी की बात यह है कि एक तरफ जहां दोनों ओर से तीखे बयान तीर की तरह चल रहे हैं, वहीं पर्दे के पीछे कूटनीति भी सक्रिय है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई के मुताबिक, पाकिस्तान के जरिये अमेरिका और ईरान के बीच अप्रत्यक्ष शांति वार्ता चल रही है। वाशिंगटन चाहता है कि ईरान अपना समृद्ध यूरेनियम सौंप दे और परमाणु कार्यक्रम को रोक दे। इसके बदले में ईरान अपने ऊपर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाने, फ्रीज संपत्तियों को बहाल करने और होर्मुज जलडमरूमध्य पर अपनी संप्रभुता स्वीकार करने की मांग कर रहा है। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने माना है कि युद्ध के कारण देश के बिजली और गैस बुनियादी ढांचे को भारी नुकसान पहुंचा है। अब देखना यह है कि यह गतिरोध शांति की ओर मुड़ता है या किसी नए विश्व युद्ध की शुरुआत करता है। इस खबर के बाद अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक हलकों में खलबली मच गई है। रक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि किसी देश की संसद की ओर से लोकतांत्रिक रूप से चुने गए दूसरे देश के राष्ट्रप्रमुख की हत्या के लिए कानून बनाना और इनाम घोषित करना अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन है। अमेरिकी खुफिया एजेंसियां इस खतरे को बहुत गंभीरता से ले रही हैं, वहीं इजरायल ने भी अपनी सुरक्षा व्यवस्था को रेड अलर्ट पर डाल दिया है।

**राहुल गांधी ने आर्थिक संकट को......**

पीछे वित्तीय अपराध, भ्रष्टाचार के जोखिम और मानवाधिकारों के उल्लंघन जैसे नैतिक कारणों का हवाला दिया था। राहुल गांधी ने इसी मुद्दे पर सीधे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सवाल दागा है। उन्होंने पूछा कि क्या प्रधानमंत्री ने नॉर्वे सरकार से अदाणी समूह को इस ब्लैकलिस्ट से हटाने का कोई व्यक्तिगत अनुरोध किया है? इस पूरे राजनीतिक हमले के बीच सोशल मीडिया पर एक बेहद दिलचस्प और हैरान करने वाला मोड़ आ गया। राहुल गांधी ने अपने एक्स हैंडल पर जब यह गंभीर सवाल उठाए, तो उनके ग्राफिक्स में एक

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

बहुत बड़ी मानवीय चूक हो गई। उनकी टीम ने पोस्ट में नॉर्वे के लाल, सफेद और नीले झंडे की जगह स्वीडन का पीला और नीला झंडा लगा दिया। इस तकनीकी गलती को लेकर विरोधी दलों ने राहुल गांधी की रिसर्च टीम पर जमकर निशाना साधा, जिससे इंटरनेट पर असली मुद्दे के साथ-साथ इस चूक पर भी बड़ी बहस छिड़ गई। इस बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि आम जनता की जेब काटना और अमेरिकी अदालत से उद्योगपति गौतम अदाणी को क्लीन चिट दिलाना ही पीएम का असली मॉडल है। खरगे ने कहा कि सरकार आर्थिक मोर्चे पर पूरी तरह नाकाम रही है। लगातार बढ़ती महंगाई ने आम आदमी का जीना मुहाल कर दिया है।

**राहुल बोले- कॉम्प्रोमाइज्ड पीएम....**

की पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए लिखा कि भारतीय दूतावास आज रात प्रधानमंत्री के दौरे पर एक प्रेस ब्रीफिंग कर रहा है। आप वहां आकर अपने सवाल पूछ सकती हैं। प्रधानमंत्री मोदी के सवाल न लेने पर भी सिबी जॉर्ज से सवाल पूछा गया। इस पर उन्होंने कहा कि इस दौरे के दौरान मीडिया को जानकारी देना हमारी जिम्मेदारी है और हम यह काम करते रहेंगे। बाद में पत्रकार हेली लिंग ने सोशल मीडिया पर लिखा कि उन्होंने और उनके सहयोगी ने मानवाधिकार और भारत पर भरोसे से जुड़े सवाल पूछे थे, लेकिन उन्हें सीधे जवाब नहीं मिले। भारतीय अधिकारियों ने कोविड, योग और भारत की उपलब्धियों की बातें ज्यादा कीं। बाद में उन्होंने एक अलग पोस्ट में सफाई भी दी। उन्होंने लिखा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मुझे यह लिखना पड़ेगा, लेकिन मैं किसी विदेशी सरकार की जासूस नहीं हूं। मैं सिर्फ पत्रकार हूं और नॉर्वे में पत्रकारिता का काम करती हूं।' राहुल गांधी से भी फोन पर इंटरव्यू करो। हेली ने एक्स पर मिली इस सलाह पर कहा- मैं तैयार हूं।

**'चिकन नेक' कॉरिडोर की सुरक्षा.....**

गतिविधियों और रसद संचालन के लिए यही मुख्य संपर्क मार्ग है। ऐसे में इस क्षेत्र में किसी भी प्रकार की भूमि उपलब्धता को राष्ट्रीय महत्व का विषय माना जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने अभी तक आधिकारिक तौर पर यह स्पष्ट नहीं किया है कि इस जमीन का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाएगा, लेकिन माना जा रहा है कि यहां रक्षा ढांचा, लॉजिस्टिक्स हब, सुरक्षा प्रतिष्ठान, कनेक्टिविटी विस्तार या अन्य रणनीतिक परियोजनाएं विकसित की जा सकती हैं। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक जीत और मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी के शपथ लेने के बाद राज्य सरकार केंद्र के साथ रणनीतिक समन्वय को तेज कर रही है।

सत्ता संभालने के बाद से शुभेंदु सरकार प्रशासनिक फेरबदल, कानून-व्यवस्था, कथित भ्रष्टाचार मामलों की जांच और सुरक्षा संबंधी फैसलों पर लगातार सक्रिय दिखाई दे रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, 'चिकन नेक' क्षेत्र में जमीन हस्तांतरण से भारत की सामरिक क्षमता और सीमा सुरक्षा को मजबूत करने में मदद मिल सकती है। इस इलाके में सैन्य ढांचा और लॉजिस्टिक्स नेटवर्क विकसित होने से सीमावर्ती इलाकों में सेना की त्वरित तैनाती और आपूर्ति व्यवस्था अधिक प्रभावी हो सकेगी। चीन और बांग्लादेश से जुड़े भू-राजनीतिक समीकरणों को देखते हुए इस कॉरिडोर की सुरक्षा भारत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जाती है। यही कारण है कि केंद्र और राज्य सरकार के बीच इस दिशा में बढ़ता सहयोग राष्ट्रीय सुरक्षा के लिहाज से एक बड़े कदम के तौर पर देखा जा रहा है।

**एनटीए में बड़ा फेरबदल, चार....**

सुरक्षा जैसे सिस्टम को विकसित करेगा। एजेंसी ने कहा है कि अब प्रश्नपत्र तैयार करने से लेकर उसकी प्रिंटिंग और ट्रांसपोर्ट तक हर स्तर पर टेक्निकल सुरक्षा लागू की जाएगी। साथ ही एआई और डेटा एनालिटिक्स के जरिए संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी। परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक पहचान और फेस ऑथेंटिकेशन सिस्टम को भी और मजबूत किया जाएगा। आपको बता दें कि एनटीए हर साल देशभर में 1 करोड़ से ज्यादा छात्रों के लिए अलग-अलग एंट्रेंस एग्जाम आयोजित करता है। ऐसे में हाल के विवादों ने एजेंसी की विश्वसनीयता पर बड़ा असर डाला है। अब सरकार और एनटीए दोनों यह संदेश देना चाहते हैं कि आने वाले समय में परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह सुरक्षित और भरोसेमंद बनाया जाएगा।

**आज छत्तीसगढ़ में मेडिकल स्टोर बंद......**

से दवाइयां खरीद रहे हैं, जिससे गलत दवा सेवन का खतरा बढ़ गया है। दवा विक्रेताओं ने कई ऑनलाइन मेडिकल कंसल्टेशन प्लेटफॉर्म्स पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि कई गैर-प्रमाणित प्लेटफॉर्म मरीजों को गुमराह कर रहे हैं और बिना उचित परामर्श के दवाइयां उपलब्ध करा रहे हैं। व्यापारियों ने चेतावनी दी कि एंटीबायोटिक्स, साइकोट्रॉपिक दवाइयां, ओपिऑइड्स और शेड्यूल H, Hv, X जैसी संवेदनशील दवाइयां ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हो रही हैं। इससे युवाओं में नशे की लत और दवाओं के दुरुपयोग का खतरा बढ़ सकता है। दवा व्यापारियों ने कहा कि एंटीबायोटिक्स की अनियंत्रित बिक्री से Antimicrobial Resistance तेजी से बढ़ रहा है, जो भविष्य में बड़ा जनस्वास्थ्य संकट बन सकता है। व्यापारियों का कहना है कि यह सिर्फ कारोबार का मुद्दा नहीं, बल्कि सीधे मरीजों की सुरक्षा और स्वास्थ्य नैतिकता से जुड़ा मामला है। उन्होंने सरकार से ऑनलाइन फार्मेसी के लिए सख्त नियम लागू करने और अवैध दवा बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है। 20 मई को रायपुर समेत प्रदेश के कई शहरों में मेडिकल स्टोर बंद रहने की संभावना है, जिससे आम लोगों को दवाइयों के लिए परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

# राजनांदगांव में दान की जमीन पर अवैध कटाई और खनन का आरोप, कांग्रेस ने सीबीआई-ईडी जांच की मांग उठाई



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर क्षेत्र में राजा साहब द्वारा कुष्ठ पीड़ितों एवं मानव सेवा के उद्देश्य से दान की गई भूमि पर अवैध पेड़ कटाई, मुरूम खनन और कब्जे के आरोपों को लेकर विवाद लगातार गहराता जा रहा है। मामले को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव प्रवीण मेश्राम के मार्गदर्शन में पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में क्षेत्रवासियों एवं कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल का आरोप है कि, दान की गई भूमि पर बड़े पैमाने पर सागौन, इमली, बरगद और कौहा सहित कई पेड़ों की कटाई की गई है। जबकि सरकार 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चला रही है। कांग्रेस नेताओं ने सवाल उठाया कि आखिर डॉक्टर साहब के क्षेत्र में चल रही इन गतिविधियों पर प्रशासन मौन क्यों है। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि, कलेक्टर को फोन और सोशल मीडिया के माध्यम से पूर्व सूचना दी गई थी, इसके बावजूद मुलाकात नहीं हो सकी और अपर कलेक्टर से मिलने के लिए कहा गया। इसे लेकर क्षेत्रवासियों में नाराजगी देखी गई। ज्ञापन में कहा गया है कि, क्षेत्र में अवैध मुरूम खनन, कब्जा और कथित 'अमेरिका कनेक्शन' को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि दान की गई भूमि पर लंबे समय से अवैध गतिविधियां संचालित हो रही हैं, जिससे पर्यावरण को गंभीर नुकसान पहुंच रहा है।

पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कहा कि, राजा साहब ने यह भूमि मानव सेवा और कुष्ठ पीड़ितों के संरक्षण के उद्देश्य से दान की थी, लेकिन आज उसी जमीन पर पेड़ों की कटाई, अवैध खनन और कब्जे जैसे गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं। सरकार एक तरफ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान चला रही है और दूसरी तरफ सैकड़ों पेड़ काटे जा रहे हैं। यदि प्रशासन ने जल्द निष्पक्ष कार्रवाई नहीं की तो क्षेत्रवासी सड़क पर उतरकर बड़ा जनआंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रतिनिधिमंडल ने पूरे मामले की उच्च स्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराने, दान की भूमि के मूल दस्तावेज सार्वजनिक करने तथा सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियों से जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। कांग्रेस नेता आशीष साहू, जय जायसवाल और राहुल मरकाम ने चेतावनी दी है कि, यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्रवासी व्यापक जनआंदोलन करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# पुलिस द्वारा ग्रामीणों को यातायात नियम एवं साइबर सुरक्षा की दी गई जानकारी

**अंबागढ़ चौकी (दावा)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय, जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी वॉय.पी. सिंह (भा.पु.से.) के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय पीतांबर पटेल एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी ताजेश्वर दीवान के मार्गदर्शन में जिले में लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।**

इसी क्रम में थाना चिल्हाटी प्रभारी उप निरीक्षक संजय मेरावी के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 18 मई को ग्राम रेंगाकाठेरा में बाजार प्रबंधन व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। तत्पश्चात पंचायत भवन में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणजनों को यातायात नियमों के पालन, सड़क सुरक्षा एवं सामाजिक जागरूकता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई।



**ग्राम रेंगाकाठेरा में पुलिस की चौपाल, साइबर जागरूकता एवं नशा मुक्ति का दिया संदेश चिल्हाटी पुलिस की जनजागरूकता चौपाल, साइबर ठगी से बचाव एवं सामाजिक सुरक्षा पर दिया गया मार्गदर्शन**

कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नशे से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए युवाओं एवं आमजन से नशे से दूर रहने की अपील की गई। साथ ही भारत के लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन, व्यक्तित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के संबंध में जानकारी प्रदान कर युवाओं को उनसे प्रेरणा लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इसके अतिरिक्त बढ़ते साइबर अपराधों एवं साइबर ठगी से बचाव हेतु ग्रामीणजनों को डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया फ्रॉड, ऑनलाइन ठगी एवं अज्ञात लिंक/एपीके फाइल से होने वाले साइबर अपराधों के संबंध में जागरूक किया गया। साथ ही नवीन कानूनों एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार अपनाने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणजनों द्वारा जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए पुलिस विभाग द्वारा चलाए जा रहे जनहितकारी प्रयासों की प्रशंसा की गई।

# एकलव्य आवासीय विद्यालयों में आउटसोर्सिंग के खिलाफ कर्मचारियों का फूटा गुस्सा

डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ और नियमों के विपरीत की जा रही आउटसोर्सिंग के विरोध में अखिल भारतीय राज्य सरकार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी महासंघ ने मोर्चा खोल दिया है। महासंघ के राष्ट्रीय उप महामंत्री योगेश चौरे के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय शिष्ट प्रतिनिधिमंडल ने आज रायपुर स्थित अनुसूचित जाति/जनजाति आयुक्त कार्यालय में राज्य नोडल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता और मंत्रालय पहुंचकर शासन के अंडर सेक्रेटरी से मुलाकात की। दोनों ही अधिकारियों को कर्मचारियों की समस्याओं, वार्षिक वेतन वृद्धि, श्रम सम्मान राशि और बजट आवंटन को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल और अधिकारियों के बीच लगभग 40 मिनट तक बेहद गंभीर और विस्तृत चर्चा हुई।1 जून तक समस्याओं के समाधान हेतु पहल नहीं किया जाता है तो 2 जून को आयुक्त और मंत्रालय को ज्ञापन लगा कर घेराव किया जाएगा की रणनीति तैयार की गई।

चर्चा के दौरान राष्ट्रीय उप महामंत्री योगेश चौरे ने राज्य नोडल अधिकारी को दिल्ली (केन्द्र) द्वारा 9 अप्रैल 2026 को जारी स्पष्ट आदेश का हवाला दिया। उन्होंने बताया कि, दिल्ली के आदेशानुसार, जिन संस्थाओं में नियमित भर्ती प्रक्रिया लंबित है, केवल वहीं आवश्यकतानुसार रिक्त पदों पर ही आउटसोर्सिंग की जानी चाहिए। उदाहरण स्वरूप, यदि किसी विद्यालय में 25 पदों का सेटअप है और वहां 20 दैनिक वेतन भोगी/नियमित कर्मचारी पिछले 15-20 वर्षों से कार्यरत हैं, तो शेष 5 रिक्त पदों पर ही आउटसोर्सिंग होनी चाहिए थी। लेकिन एकलव्य विद्यालयों के प्राचार्यों और स्थानीय अधिकारियों ने आदेश की गलत व्याख्या करते हुए पूरे के पूरे 25 पदों को आउटसोर्सिंग के हवाले कर दिया। इससे वर्षों से सेवा दे रहे कर्मचारियों का भविष्य अंधकार में डूब गया है। इस महत्वपूर्ण मुलाकात में एकलव्य आवासीय विद्यालय की अध्यक्ष सुलोचना नेताम, सुरेश ढीढी, लोकेश वर्मा, राकेश ठाकुर, मंगलु राम उसेंडी, बहुरन सिंह पाल (जिला सचिव), दिलीप आमदे, रितेश साहू, रणवीर सिंह कुशल नाग, बृजलाल वर्मा, सोमनाथ गोंड सहित दर्जन भर से अधिक पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।



### सुप्रीम कोर्ट की मंशा के विपरीत लिए जा रहे हैं निर्णय

एक तरफ सरकार और सुप्रीम कोर्ट 10 साल की सेवा पूरी करने वाले कर्मचारियों के नियमितीकरण की बात कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों की इस तानाशाही से कर्मचारियों को आउटसोर्सिंग में धकेला जा रहा है, जिससे उनका नियमितीकरण कभी संभव नहीं हो पाएगा।

### नोडल अधिकारी ने माना अनुचित, दिल्ली भेजा जाएगा प्रस्ताव

राष्ट्रीय उप महामंत्री श्री चौरे ने बताया कि, कर्मचारियों की दलील सुनने के बाद राज्य नोडल अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता ने आश्चर्य व्यक्त किया और माना कि आदेश की गलत व्याख्या की गई है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि वे इस आदेश की सही व्याख्या करते हुए पुनः नए निर्देश जारी करेंगे और इस विषय में एक प्रस्ताव दिल्ली (केन्द्र सरकार) को भी भेजेंगे।

### अन्य प्रमुख मांगों की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया

ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान कई जिलों के सहायक आयुक्तों द्वारा मौखिक या लिखित आदेश देकर कर्मचारियों को काम से निकाल दिया गया। इससे कर्मचारियों को दो महीने का वेतन नहीं मिलेगा और उनकी सेवाओं में 'सर्विस ब्रेक' की स्थिति आ जाएगी। नोडल अधिकारी ने इस पर हैरानी जताते हुए कहा कि, आयुक्त कार्यालय या शासन से ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ है और जिला स्तर पर ऐसा किया जाना पूरी तरह अनुचित है। कई जिलों में बजट की कमी के कारण महीनों से वेतन अटका हुआ है। महासंघ ने शासन से पर्याप्त बजट आवंटन कर तत्काल पूर्ण वेतन भुगतान की मांग की है। प्रदेश के 23 जिलों में कार्यरत कर्मचारियों को पिछले एक साल से 'श्रम सम्मान' की राशि नहीं मिली है। इस पर तुरंत निर्णय लेकर भुगतान सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# मितान, बैगा ग्रुप ने दी हिम्मत सिंह पवार को श्रद्धांजलि

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सरल स्वभाव व मिलनसार युवा स्व. हिम्मत सिंह पवार के 7 मई को हृदयघात होने के चलते 49 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया था। जिसके आज शोक मिलन व 13वीं के अवसर पर बैगा ग्रुप, मितान ग्रुप, मार्निंग ग्रुप एवं सामाजिक बंधुओं सहित विभिन्न संस्थाओं के जुड़े लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।



दीवानपारा वार्ड नं. 24 के निवासी रहे स्व. हिम्मत सिंह पवार अपने सहयोगात्मक व्यवहार के कारण सभी वर्गों में अच्छी पहचान रखते थे। उनके आज सोनी भवन ठेठवार पारा में आयोजित शोक मिलन व 13वी पर आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम में मितान व बैगा ग्रुप के अध्यक्ष राजेश मारु ने स्व. हिम्मत सिंह पवार के लोक कला व जस गीत, मानस रामायण यज्ञ, दुर्गा उत्सव सहित सेवाभावी कार्यों की उल्लेख करते हुए उन्हें याद कर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं वार्ड के पूर्व पार्षद श्री कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्व. हिम्मत सिंह पवार के वार्ड के लोगों के साथ ही शहर के युवा वर्ग में अपने अच्छे कार्यों व मिलनसारता के चलते हमेशा याद किए जाएंगे। यह एक अपूरणीय क्षति है। इसके साथ ही अन्य लोगों ने भी स्व. पवार को पुष्पांजलि अर्पित की।

# घुमका में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से बनाएगी नगर सरकार - राहुल तिवारी

छुरिया (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रभारी महामंत्री राहुल तिवारी ने घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी की ऐतिहासिक जीत का दावा करते हुए कहा है कि घुमका की जागरूक जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों और कुशासन का जवाब मतपेटी के माध्यम से देगी तथा कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ नगर सरकार बनाएगी।

राहुल तिवारी ने कहा कि घुमका को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने का कार्य कांग्रेस पार्टी की सरकार ने किया था और नगर पंचायत बनने के बाद यह पहला चुनाव है। इसलिए घुमका की जनता अच्छी तरह जानती है कि क्षेत्र के विकास, विस्तार और नगर की पहचान को मजबूत करने का कार्य कांग्रेस की सोच और जनहितकारी नीतियों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा विकास और जनभावनाओं को प्राथमिकता दी है। जबकि भाजपा केवल राजनीतिक लाभ और प्रचार की राजनीति करती रही है। राहुल तिवारी ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के ऊर्जावान अध्यक्ष विपिन यादव के नेतृत्व, वर्तमान विधायक, पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ कांग्रेसजनों के मार्गदर्शन में कांग्रेस पार्टी पूरी मजबूती, एकजुटता और सकारात्मक सोच के साथ चुनाव मैदान में उतरी है तथा कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा के साथ चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि कांग्रेस पार्टी घुमका नगर पंचायत में ऐतिहासिक विजय हासिल करेगी।



**महंगाई, बेरोजगारी और भाजपा के कुशासन से त्रस्त जनता कांग्रेस के साथ नगर पंचायत बनाने वाली कांग्रेस, अब विकास की नई दिशा भी देगी**

उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक अस्थिरता और आम लोगों की समस्याओं की लगातार अनदेखी से परेशान है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य सामग्री और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की लगातार बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों की कमर तोड़ दी है। युवाओं के सामने रोजगार का गंभीर संकट खड़ा है, लेकिन भाजपा सरकार केवल भाषण और इवेंट की राजनीति में व्यस्त है।

राहुल तिवारी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा आम जनता, किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं और गरीब वर्ग की आवाज बनकर खड़ी रही है। कांग्रेस की नीति विकास के साथ सामाजिक न्याय, पारदर्शिता और जनभागीदारी को मजबूत करने की रही है।

कांग्रेस पार्टी घुमका नगर पंचायत में सड़क, पानी, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, युवाओं के अवसर और नागरिक सुविधाओं को प्राथमिकता बनाकर चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि नामांकन प्रक्रिया के दौरान आम जनता से कांग्रेस प्रत्याशियों को व्यापक समर्थन मिला तथा कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह और ऊर्जा देखने को मिली। यह स्पष्ट संकेत है कि घुमका नगर पंचायत के प्रथम चुनाव में जनता विकास, जनसरोकार और विश्वास की राजनीति के साथ खड़ी है। आने वाले चुनाव परिणाम भाजपा की जनविरोधी नीतियों को करारा जवाब देंगे और कांग्रेस पार्टी ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुए नगर पंचायत में विकास की नई दिशा तय करेगी।

# तहसील कलार समाज ने मेधावी छात्रों-छात्राओं का किया सम्मान

डोंगरगढ़(दावा)। डोंगरगढ़ ब्लॉक के बड़े मुड़पार समुदायिक भवन में तहसील सिन्हा कलार समाज की ओर से समाज के होनहार छात्र छात्राओं का सम्मान किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

क्लास 10वीं और 12वीं में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह कार्यक्रम में कक्षा 12वीं के लक्की सिन्हा (84 प्रतिशत), रानू सिन्हा (80.6 प्रतिशत), डिंपल सिन्हा (80 प्रतिशत), कुमारी युसिका सिन्हा (80 प्रतिशत), कुमारी गुंजा सिन्हा (77 प्रतिशत), वेणु सिन्हा (75) प्रतिशत) और नितिन कुमार सिन्हा (72 प्रतिशत) को प्रशस्ति पत्र और मेमेंटो डायरी देकर सम्मानित किया गया। इसी प्रकार कक्षा 10वीं में कुमारी भावना सिन्हा (92 प्रतिशत), कुमारी दुर्गा सिन्हा (81.01 प्रतिशत), कुमारी अंजली (80 प्रतिशत), कुमारी युप्ता सिन्हा (78 प्रतिशत), कुमारी मधु (78 प्रतिशत) और कुमारी दामेश्वरी को उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया।



**डीएसपी सुमन जयसवाल, थाना प्रभारी संतोष जायसवाल का भी हुआ सम्मान**

इस अवसर पर डोंगरगढ़ थाना में पदस्थ डीएसपी सुमन जयसवाल एवं थाना प्रभारी संतोष जायसवाल के शासकीय कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के कारण उन्हें भी सम्मानित किया गया। सिन्हा समाज के होनहार बेटी व होनहार बेटा, एक साथ हमारे धर्मनगरी डोंगरगढ को नशा मुक्ति व सट्टा मुक्ति का केंद्र स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे हमारा समाज भी गर्व महसूस कर रह है। समाज के प्रतिनिधियों ने कहा कि, यह सम्मान समारोह छात्रों की मेहनत को मान्यता देने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

इस अवसर पर जिला कलार समाज अध्यक्ष जिला अध्यक्ष शिव डडसेना, तहसील अध्यक्ष मनोज सिन्हा, पूनम चंद सिन्हा, मनोहर डडसेना, हेमराज सिन्हा, जयपाल सिन्हा, खोरबहरा सिन्हा, सुरेश सिन्हा, अनिल सिन्हा, नाथूराम सिन्हा, देव सिन्हा, रानू सिन्हा, हरिश्चंद्र सिन्हा, द्वारिका सिन्हा, टिकम सिन्हा, धनेश्वर सिन्हा, दुर्योधन सिन्हा, बालकृष्ण सिन्हा, निर्मला सिन्हा, श्यामनाथ सिन्हा और हनुमान सिन्हा, बालचंद सिन्हा, प्रेम सिन्हा, देवजी सिन्हा, सोमेश्वर सिन्हा, दशरथ ठाकुर सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# पुरवाही साहित्य सम्मान से सम्मानित हुए वरिष्ठ कवि व साहित्यकार जितेंद्र पटेल

छुरिया(दावा)। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के 10वें स्थापनोत्सव के कार्यक्रम में वनांचल साहित्य सृजन समिति मोहला के कवि, साहित्यकार जितेंद्र पटेल मरारटोला (मोहला), शिव प्रसाद लहरे, कोमल साहू, कोमल साहू रंगकर्मी गर्रापार को पुरवाही साहित्य सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान जितेंद्र पटेल को वनांचल में कई वर्षों से लगातार साहित्य के क्षेत्र में सकारात्मक वातावरण तैयार करने तथा उनके लेख समाचार पत्र/पत्रिकाओं में प्रकाशित होते रहे हैं। उनकी आध्यात्मिक आयोजन के क्षेत्र में तथा समाज सेवी के रूप में जिले में एक विशिष्ट पहचान है। वही उनकी संस्था पूर्व माध्यमिक शाला चापाटोला का प्रदर्शन विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।



उन्होंने 1956 में पिता द्वारा स्थापित जिले की सबसे पुरानी नाट्य संस्था 'रामलीला' का संचालन पिता के ब्रह्मलीन होने के बाद से करते रहें। सांस्कृतिक व आध्यात्मिक ग्राम मरारटोला द्वारा लोककला के संरक्षण और संवर्धन के लिए किए जा रहे विशिष्ट कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा के स्थापनोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक ग्राम गर्रापार में किया गया, जिसके मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के मूर्धन्य साहित्यकार डॉ. पी.सी.लाल यादव, विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार समीक्षक, अनुवादक, लेखक कुबेर साहू राजनांदगांव, डॉ. पद्मा साहू खैरागढ़, महेंद्र बघेल अध्यक्ष शिवनाथ साहित्य धारा डोंगरगांव,अध्यक्ष पुरवाही साहित्य समिति पाटेकोहरा तथा जिला राजनांदगांव व मोहल्ला के समस्त साहित्यकारों की उपस्थिति में परिचर्चा व सम्मान कार्यक्रम का प्रथम चरण संपन्न हुआ।

# कल गुण्डरदेही में पनिका समाज द्वारा श्री कबीर प्रकटोत्सव

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार समीप गुण्डरदेही में पनिका समाज द्वारा श्री कबीर प्रकटोत्सव, बरसाती चौका आरती का भव्य कार्यक्रम 21 मई दिन गुरुवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया गया है, जो महंत दीवान के सानिध्य में होगा तो समस्त सहजातीय भाई से अधिक से अधिक उपस्थिति की अपील की गई है तथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि- संतोष पाण्डे (सांसद राजनांदगांव), प्रमुख अतिथि नम्रता सिंह (जि.पंचा. अध्यक्ष, मो.-मां.-अं.चौकी), अध्यक्षता श्रीमति तीजन बाई (महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष), विशिष्ट अतिथि दिलीप वर्मा (अध्यक्ष जिला पंचायत भाजपा मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी), नेहरू रजक (जिला पंचायत सदस्य), संदीप मेश्राम (जनपद सदस्य), आशीष द्विवेदी (भाजपा मंडल अध्यक्ष अंबागढ़ चौकी), अरुण यादव (पूर्व जिला पंचायत सदस्य), रवि नेताम (सरपंच ग्राम पंचायत गुण्डरदेही), युवराज नेताम (सरपंच ग्राम पंचायत बांधाबाजार), गोविंददास मानिकपुरी (जिला अध्यक्ष मानिकपुरी पानिका समाज मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी), जागृत दास मानिकपुरी (ब्लॉक अध्यक्ष मानिकपुरी पनिका समाज अंबागढ़ चौकी), श्रीमती योग माया साहू (पूर्व जनपद सदस्य अंबागढ़ चौकी), श्रीमती प्रीति चौहान (पूर्व सरपंच बांधाबाजार), हरदेव दास मानिकपुरी शिकारी टोला, मनराखन दास मानिकपुरी थैलीटोला, महेश दास बांधाबाजार, ज्ञानसिंह कंवर गुंडरदेही, राधेलाल गौर गुण्डरदेही, शोभाराम, नागेश गुण्डरदेही के गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न होना है। उपरोक्त जानकारी जागृतदास मानिकपुरी ने दी।

# जनगणना 2027 : आयुक्त व नगर जनगणना अधिकारी ने ली सुपरवाईजरों की बैठक

राजनांदगांव (दावा)। जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य निगम सीमाक्षेत्र में 1 मई से प्रारंभ कर 30 मई तक करना है। निगम सीमा क्षेत्रांतर्गत मकान सूचीकरण कार्य में लगे सुपरवाईजरो की आज बैठक लेकर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी श्री अतुल विश्वकर्मा ने मकान सूचीकरण कार्य की प्रगति की जानकारी ली।

आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने मकान सूचीकरण कार्य के संबंध में सभी ब्लाक के सुपरवाईजरो से अलग अलग ब्लाक में की जा रही मकान गणना के संबंध में जानकारी ली। कई ब्लाक में मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण होने पर उन्होने संबंधित ब्लाक के सुपरवाईजरो को बधाई दी। उन्होंने कहा कि शेष ब्लाको के मकान सूचीकरण कार्य 20 मई तक पूर्ण कर लिया जावे, क्योकि इसके पश्चात गणना के आधार पर नजरी नक्शा तैयार करना है। नजरी नक्शा तैयार होने के बाद जो मकान बंद पाया गया था उस मकान में यदि व्यक्ति रह रहा है तो उसकी जनगणना करना है, उक्त कार्य अंतिम दिवस तक पूर्ण करना है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जानकारी दी कि 339 ब्लाक में 157 ब्लाक के मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है, 182 ब्लाक शेष है, जिसमे मकान सूचीकरण कार्य प्रगति पर है। उन्होंने संबंधित ब्लाक के सूपरवाईजरो से गणना कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। उन्होने कहा कि निगम सीमा क्षेत्र के अनुमानित मकान 59116 में मकान सूचीकरण कार्य 53993 में मकान गणना कार्य पूर्ण हो चुका है इस प्रकार 90 प्रतिशत से अधिक मकान सूचीकरण कार्य पूर्ण है। उन्होंने अच्छी प्रगति के लिए सभी सुपरवाईजर एवं प्रगणको को बधाई देते हुए शेष कार्य जल्द पूर्ण करने कहा, ताकि सतप्रतिशत मकान सूचीकरण कार्य समय सीमा में पूर्ण हो सके। बैठक में सभी ब्लाक के सुपरवाईजर उपस्थित थे।



# बिजली कटौती और अव्यवस्था के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल, डेढ़ घंटे तक बिजली कार्यालय का घेराव



○ जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने अफसरों को लगाई फटकार
○ सरप्लस राज्य में बिजली कटौती का बन रहा रिकॉर्ड, सोमनी क्षेत्र में मेंटेनेंस छोड़ शराब पार्टी करने का लगाया आरोप

राजनांदगांव(दावा)। शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार के नेतृत्व में रायपुर नाका स्थित छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी लिमिटेड कार्यालय का आक्रामक घेराव कर बिजली विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेसजनों ने शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रही अघोषित बिजली कटौती, मेंटेनेंस के नाम पर घंटों बिजली बंद रखने और विभागीय लापरवाही को लेकर जमकर नारेबाजी की। कांग्रेसजन सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में बिजली कार्यालय के सामने एकत्र हुए और करीब डेढ़ घंटे तक कार्यालय का घेराव कर प्रदर्शन करते रहे। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने बिजली कंपनी और सरकार के खिलाफ जोरदार रोष व्यक्त किया। अधिकारियों के सामने आने पर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार ने उन्हें जमकर लताड़ लगाई और जनता की परेशानियों को लेकर खरी-खोटी सुनाई।

मुदलियार ने कहा कि प्रदेश में ट्रिपल इंजन सरकार पूरी तरह फेल साबित हो चुकी है। जिस छत्तीसगढ़ को कभी बिजली सरप्लस राज्य कहा जाता था, आज उसी राज्य में बिजली कटौती के नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। शहर में भरी गर्मी के बीच घंटों अघोषित बिजली कटौती से आम जनता त्रस्त है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में दो-दो दिनों तक बिजली आपूर्ति ठप्प रहने से लोग भारी परेशानी झेलने मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी सिर्फ कार्यालयों में बैठकर दायित्वों की इतिश्री कर रहे हैं और मातहत कर्मचारी मनमानी में लगे हुए हैं। कई सब स्टेशनों में मेंटेनेंस छोड़ शराब पार्टियां चल रही हैं। सोमनी क्षेत्र में हाल ही में बिजली गुल रहने के दौरान कर्मचारियों की शराब पार्टी का वीडियो सामने आना विभाग की कार्यप्रणाली की पोल खोलता है।

मुदलियार ने कहा कि बिजली कंपनी की लापरवाही और सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनता भुगत रही है। लोग गर्मी में रातभर जागने मजबूर हैं, छोटे कारोबार प्रभावित हो रहे हैं और किसानों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि बिजली व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं हुआ तो कांग्रेस आंदोलन तेज करेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीकिशन खंडेलवाल ने कहा कि बिजली कंपनी की अव्यवस्था चरम पर पहुंच चुकी है। जनता को मूलभूत सुविधा तक नहीं मिल पा रही और सरकार पूरी तरह मौन बनी हुई है। दक्षिण ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लक्ष्मण साहू ने कहा कि विभागीय लापरवाही के कारण शहर और गांव दोनों जगह लोग परेशान हैं। कांग्रेस जनता की आवाज बनकर लगातार संघर्ष करती रहेगी और बिजली व्यवस्था दुरुस्त होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान डॉ.आफताब आलम, मेहुल मारू, प्रवीण मेश्राम, कमलजीत सिंह पिंटू, राकेश जोशी, रूबी गरचा, विवेक वासनिक, इकरामुद्दीन सोलंकी, प्रेम रूचंदानी, अशोक पंजवानी, मनीष गौतम, देवेश डाकलिया, वीरेन्द्र चंद्राकर, चेतन भानुशाली, लक्ष्मण साहू, माया शर्मा, पप्पू धकेता, देवेश वैष्णव, युवराज भारती, अमीन हुड्डा, राजा तिवारी, राजेश गुप्ता, मनीष साहू, अभिमन्यु मिश्रा, झम्मन देवांगन, मोहन साहू, कुलदीप कुरंजेकर, ऋषि शास्त्री, तन्मय कोटड़िया, अंकेश बाफना, सुरेंद्र देवांगन, शिवम गडपायले, हिमालय बांधे, राहुल बांधे सहित अन्य उपस्थित थे।

# गौरीनगर का 'डॉन' बनने की ख्वाहिश ने ली नाबालिग की जान, दोस्तों ने ही रची थी हत्या की खौफनाक साजिश





○ शादी के डीजे की तेज आवाज के बीच रेलवे पावर हाउस मैदान में धारदार हथियार से किया हमला
○ नशे के अवैध कारोबार और आपसी वर्चस्व का खूनी अंजाम; कोतवाली पुलिस ने आरोपियों को लिया हिरासत में

राजनांदगांव (दावा)। शहर में चाकूबाजी की वारदात कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। बीती रात गौरी नगर में हुई चाकूबाजी की घटना में मोहल्ले की एक मुस्लिम युवक की जान चली गई। उक्त युवक को उसके दोस्तों ने ही चाकू मार कर मौत की घाट पंहुचा दिया। बताया जाता है कि इस घटना के पीछे नशे का फलता-फूलता व्यापार है। कोतवाली पुलिस ने इस घटना के आरोपियों को गिरफतार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार गौरी नगर में बीती रात शादी हो रही थी। डीजे बज रहा था। इस बीच गौरी नगर के 15-17 वर्ष के उम्र के लड़के मुहल्ले के रेल्वे पावर हाउस मैदान में इकट्ठे हुए और उनके बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और धारदार हथियार से नाबालिको ने अब्दुल रकीब पिता अब्दुल कादिर उम्र 17 वर्ष की हत्या कर दी।

बताया जाता है कि मृतक अब्दुल रकीब और अन्य नाबालिकों में देव गंधर्व पिता सुखराम गंधर्व उम्र 17 वर्ष, नसीम खान पिता नंदू उम्र 15 वर्ष के द्वारा गौरीनगर में मादक पदार्थ गांजा का कारोबार अच्छी तरह फल-फूल रहा था। इस कारोबार में अब्दुल रकीब की सर्वेसर्वा बनने यानि की डान बनने की ख्वाहिश थी। इससे उसका अपने दोस्तों के साथ अमानवीय व्यवहार किया जा रहा था। खुद को वह डान की भांति महसूस कर दोस्तों को वह आर्डर देता और काम करवाता था। रिल्स आदि भी बनवाता था। जिससे उसके दोस्त चिढ़े हुए थे। साथ ही खासे परेशान भी थे। उन दोस्तों ने सोमवार की देर रात उसको निपटने का प्लान बनाया। मृतक के पड़ोस में चल रही शादी और वहां से बज रहे डीजे की तेज आवाज के बीच अब्दुल रकीब सहित उनके दोनों दोस्त पावर हाउस मैदान में इकट्ठे होकर प्लान के अनुसार धारदार हथियार से उसे मौत की घाट उतार दिया। इस पूरे मामले में पुलिस ने आरोपियों को हिरासत में ले कर आगे की विवेचना कार्रवाई शुरू कर दी है।

## संक्षिप्त खबर

### राजनांदगांव मड़ाई : 'रानी तोर चेहरा' फेम लोक गायक विकास साहू की प्रस्तुति आज



राजनांदगांव (दावा)। शहर के गुजराती स्कूल मैदान में आयोजित भव्य राजनांदगांव मड़ाई मेले में आज लोक संगीत और संस्कृति की बयार बहेगी। मड़ाई के सांस्कृतिक मंच पर आज रात 7 बजे से शहर के बजरंगपुर नवागांव (वार्ड क्रमांक-01) के उभरते हुए सुप्रसिद्ध लोक गायक विकास साहू अपनी संगीतमय प्रस्तुति देंगे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ी लोक संगीत जगत में 'रानी तोर चेहरा' गीत से जबरदस्त लोकप्रियता हासिल करने वाले विकास साहू अपनी टीम के साथ दर्शकों को थिरकने पर मजबूर करेंगे। मड़ाई समिति ने शहर के कलाप्रेमियों और आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर स्थानीय कलाकार का उत्साहवर्धन करने और लोक संगीत का आनंद उठाने की अपील की है।

### खनिज विभाग की कार्रवाई : रेत का अवैध परिवहन करने पर 3 ट्रेक्टर जप्त



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा गस्त के दौरान राजनांदगांव तहसील अंतर्गत बुंदेलीकला, डिलापहरी एवं डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत भण्डारपुर, जामरी, पारागांवकला, पारागांवखुर्द, मुरमुंदा में खनिज रेत के अवैध परिवहन पर कार्रवाई करते हुए 3 ट्रेक्टर जप्त कर थाना चिचोला को सुपुर्द किया गया। इसके तहत डोंगरगढ़ में रमेश डड़सेना के स्वामित्व के ट्रेक्टर सोल्ड मैसी चेचिस नंबर एसे 3271378502 से वाहन चालक कुजेश चंद्रवंशी तथा मुरमुंदा में धनसिंग के स्वामित्व के ट्रेक्टर सोल्ड जानडीयर हरा चेचिस नंबर जेव्हीवाय 5105डीटीकेए008996 से वाहन चालक नोमन एवं ठाकुर सिन्हा के स्वामित्व के ट्रेक्टर सोल्ड जानडीयर हरा चेचिस नंबर जेव्हीवाय5045डीजेएस5052849 से वाहन चालक गितेश द्वारा रेत का अवैध परिवहन करने पर जप्त कर थाना चिचोला को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी नागरिकों की समस्याएं

**जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण करने के दिए निर्देश**



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से आए जनसामान्य की शिकायत एवं समस्याओं को सुना। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नागरिकों की समस्याओं का नियमानुसार निराकरण करते हुए उन्हें शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि जनमानस उम्मीद लेकर जनदर्शन में आते है। उनकी समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समाधान शीघ्र करें। जनदर्शन में विद्युत कनेक्शन, सीमांकन, नामांतरण, अवैध अतिक्रमण हटाने, प्रधानमंत्री आवास योजना से लाभान्वित करने, भू-अर्जन, नजूल से संबंधित, पेंशन, राजस्व रिकार्ड दुरूस्त कराने सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभ दिलाने जैसे आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के लिए निर्देश दिए।

जनदर्शन में राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोखला निवासी ईगल कुमार श्रीवास ने अपनी बिटिया चन्द्रप्रभा श्रीवास के हृदय में छेद होने के उपचार के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर ने आवेदन को गंभीरता से लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने रेडक्रॉस सोसायटी राजनांदगांव से उपचार हेतु 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। बच्ची का समुचित इलाज सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया।

# आज राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद के दौरान आवश्यक सावधानी एवं व्यवस्था रखने की अपील

राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय संगठन ऑल इंडिया आर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट एण्ड ड्रगिस्ट एसोशिएशन द्वारा ऑनलाईन फार्मेसी के विरोध में 20 मई को एकदिवसीय राष्ट्रव्यापी दवा व्यापार बंद का आह्वान किया गया है। जिसे देखते हुए सहायक औषधि नियंत्रक, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिले के नागरिकों से आवश्यक सावधानी एवं व्यवस्था रखने की अपील की गई है।

कोई भी आपातकालीन स्थिति होने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में एवं जिला चिकित्सालय व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संपर्क करें। बंद की स्थिति को देखते हुए जिला चिकित्सालय एवं समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संचालित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्रों को 20 मई को निश्चितरूप से 24 घंटे खोले रखने के निर्देश जारी किये गये हैं, ताकि आमजनों को दवाईयां मिलने में समस्या न हो। जिले में संचालित कुछ खुदरा विक्रेता जैसे श्री धनवंतरी जेनरिक मेडिकल स्टोर बंद में शामिल नहीं हैं एवं आपातकालीन स्थिति में दवाईयों के लिए ऐसे विक्रेताओं से संपर्क किया जा सकता है। कोई भी परेशानी अथवा आपातकालीन स्थिति होने पर खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के टोल फ्री नंबर 9340597097 में संपर्क कर सकते हैं। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जिला दवा विक्रेता संघ से शांतिपूर्ण एवं वैध तरीके से बंद का समर्थन देने, आपातकालीन स्थिति में जनहित को देखते हुए आपातकालीन व जीवनरक्षक दवाईयों को सप्लाई करने, बंद के दौरान कोई भी अफवाह एवं गलत जानकारी न फैलाने एवं बंद के दौरान स्वास्थ्य विभाग के साथ सामंजस्य बनाए रखने की अपील की गई है।

# सहकारी समिति का अनाधिकृत रूप से धान खरीदने वाला आरोपी गिरफ्तार



आरोपी के घर से अवैध रुप से खरीदी गई 160 कट्टा धान जब्त, भेजा गया जेल

डोंगरगढ़ (दावा)। डोंगरगढ़ क्षेत्रांतर्गत आने वाले मोहारा चौकी पुलिस द्वारा मोहारा सोसायटी से अनाधिकृत रूप से धान खरीदने वाले आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने उक्त आरोपी के घर से उक्त 160 कट्टा अवैध धान की बरामदगी की है। आरोपी का नाम यशवंत उर्फ राजू वर्मा पिता देवलाल वर्मा उम्र 38 साल पता ग्राम खैरी चौकी तुमडीबोड़ थाना लालबाग बताया जाता है।

मामले के संबंध में संक्षिप्त जानकारी देते हुए चौकी प्रभारी सूमेंद्र कुमार खरे ने बताया कि प्रार्थी सहायक खाद्य अधिकारी डोंगरगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वित्तीय वर्ष 2025 2026 के दिनांक 15.11.2025 से 13. 05.2026 तक हुये सेवा सहकारी समिति के धान खरीदी एवं परिदान जिसमें सेवा सहकारी समिति मोहारा के समिति प्रबंधक प्रभारी संतोष वर्मा एवं कम्प्यूटर आपरेटर वेदप्रकाश साहू तथा अनाधिकृत रूप से धान क्रय करने वाले राजू वर्मा ग्राम खैरी के द्वारा कस्टम मिलिंग नीति 2025-26 का उलंघन कर धान को फर्जी सूखत दर्शित करते हुये 995.68 क्विंटल धान कुल कीमत 30,86,608 रूपये का शासकीय संपत्ति का गबन कर शासन के साथ धोखाधड़ी कर अफरा तफरी की गई हैं।

**शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाते हुए राशि का गबन**

बताया गया कि उक्त आरोपी अवैध लाभ अर्जित करने के आशय से 995.68 क्विंटल धान की कुल कीमत 30,86,608 रूपये का शासन को आर्थिक क्षति पहुंचा कर राशि का गबन किया गया है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में धान उपार्जन केन्द्र मोहारा में विभागीय वेबसाईट की आनलाईन रिपोर्ट के अनुसार, 13 मई 2026 की स्थिति में समर्थन मूल्य अंतर्गत क्रय किये गये एवं राईस मिलर तथा संग्रहण केन्द्रों को प्रदाय किये गये धान तथा उपार्जन केन्द्र में शेष धान की स्थिति है। उपार्जन केन्द्र मोहारा में समर्थन मूल्य अंतर्गत कुल 282079 नग बारदानों में प्रति बारदाना 40 किलोग्राम की भर्ती के मान से कुल 112831.60 क्विंटल धान आनलाईन खरीदी दर्ज किया गया। राईस मिलर्स को कुल 282079 नग बारदानों में एवं 1148 सीपेज सहित कुल 283227 नग बारदानों में 112831.60 क्विंटल धान का परिदान किया जाना था किंतु उनके द्वारा मात्र 111835.92 क्विंटल धान का ही परिदान किया गया। इस प्रकार समिति द्वारा कुल क्रय किये गये धान में से 995.68 क्विंटल धान को कम परिदान करते हुये सूखत बताया गया है।

समिति द्वारा 995.68 क्विंटल मात्रा धान की सूखत बताये जाने के उपरांत भी जांच दिनांक 13 मई को समिति से बिना वैद्य दस्तावेज के अनाधिकृत व्यक्ति को अवैध रूप से धान विक्रय किया जा रहा था रिपोर्ट पर अपराध धारा 318(4), 316(5), 3(5) भारतीय न्याय संहिता पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस दौरान आरोपी यशवंत वर्मा उर्फ राजू वर्मा को हिरासत में लिया गया और उससे कड़ाई से पूछताछ करने पर मोहारा समिति प्रबंधक से अवैध धान खरीदना स्वीकार किया गया। आरोपी के खिलाफ सबूत पाए जाने पर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से न्यायिक रिमांड पर उसे जेल भेज दिया गया है।

उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी मोहारा उप निरीक्षक श्री खरे सहित साइबर सेल उपनिरीक्षक नरेश बंजारे पुलिस चौकी मोहारा स्टॉफ और सायबर सेल स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






# राज इंपीरियल होटल में चेंबर ऑफ कॉमर्स का जिला स्तरीय व्यापारिक महाधिवेशन कल, जुटेंगे दिग्गज




○ मुख्य अतिथि होंगे वित्त मंत्री ओपी चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद व महापौर की मौजूदगी में सुलझेंगी व्यापारिक समस्याएं
○ दवा दुकानों की हड़ताल को चेंबर का खुला समर्थन, लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने ऑनलाइन सामानों के बहिष्कार की अपील

राजनांदगांव (दावा)। चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा कल 21 मई को नेशनल हाईवे में पेंड्री स्थित राज इंपीरियल होटल में जिला स्तरीय व्यापारिक महाधिवेशन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। इस संबंध में चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों ने प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता कर बताया कि इस सम्मेलन में क्षेत्रीय विधायक व छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डे, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, विधायक प्रतिनिधि संतोष अग्रवाल, खूबचंद पारख, शहर कांग्रेस अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार व प्रसिद्ध उद्योगपति बहादुर अली, दामोदरदास मुंदड़ा, बल्देव सिंह भाटिया, चेंबर ऑफ कॉमर्स के श्रीचंद सुंदरानी, अजय भसीन, प्रांतीय अध्यक्ष सतीष खुराना की उपस्थिति में व्यापारियों की समस्या समाधान की चर्चा की जाएगी।

चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष कमलेश बैद ने बताया कि उक्त आयोजन का उद्देश्य व्यापारियों को एक छत के नीचे लाना है। उन्होंने बताया कि कल 21 मई को होने वाले जिले के समस्त दवा दुकान बंद में चेंबर ऑफ कॉमर्स का खुला समर्थन रहेगा। व्यापारियों द्वारा व्यापारियों के हित में उठाए जाने वाले हर कदम में चेंबर ऑफ कॉमर्स साथ रहेगा। उन्होंने बताया कि व्यापारियों द्वारा संचालित छोटे उद्योग से लेकर व्यापारियों के व्यापार कार्य में आने वाली अड़चनें के संबंध में वित्त मंत्री के सामने खुल कर बात की जाएगी और समाधान के मार्ग ढूंढे जाएंगे।

**विभिन्न सत्रों में संपन्न होगा व्यापारिक महाधिवेशन**

प्रेसवार्ता में बताया गया है कि 21 मई गुरूवार को पेंड्री स्थित राज इंपीरियल होटल में आयोजित व्यापारियों का जिला स्तरीय महाधिवेशन का उद्घाटन प्रातः 11 बजे होगा। इसके पूर्व प्रातः 9 बजे से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ हो जाएगा। बीच में भोजन नास्ते पानी की व्यवस्था की गई है। इसके बाद 3 बजे दोपहर से व्यापारिक सत्र प्रारंभ किया जाएगा। कमलेश बैद ने बताया कि इस जिला स्तरीय व्यापारिक महाधिवेशन आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी लेने के लिए राजकुमार बाफना और उत्तम गिड़िया से उनके मोबाइल से संपर्क किया जा सकता है।

**ऑनलाईन सामान मंगाने पर रोक**

प्रेसवार्ता में चेंबर ऑफ कॉमर्स के ज्ञानचंद बाफना, विनोद डड्डा, सुनील कोटड़िया, अरुण डुलानी की उपस्थिति में कमलेश बैद ने कहा कि लोगों द्वारा बड़े-बड़े कंपनियों से इन लाइन सामान मंगाने से आफ लाइन व्यापार काफी प्रभावित हो रहा है। इस पर जागरूकता दिखाने की जरूरत है और देश प्रेम की भावना दिखाते हुए लोकल फार वोकल की भावना को चरितार्थ करते हुए आफ लाइन व्यापार को बढ़ावा देने की आवश्यकता उन्होंने जताई। उन्होंने बताया कि आज राज इंपीरियल होटल में आयोजित व्यापारिक सम्मेलन कार्यक्रम का पहला सत्र 2 घंटे का होगा। इसके बाद अन्य सत्रो में आगत अतिथियों के सामने व्यापारिक समस्याओ के बारे में खुलकर चर्चा की जाएगी और मिल-जुलकर समाधान ढूंढे जाएंगे। उन्होंने इस महत्ती व्यापारिक सम्मेलन कार्यक्रम में शहर सहित जिले भर के सभी व्यापारी बंधुओं को अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# छन्नी चंदू साहू के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, पुतला दहन कर किया जोरदार प्रदर्शन

**गैंदाटोला पूरी तरह बंद रहा, ग्रामीणों ने की शराब दुकान यथावत रखने की मांग**



छुरिया (दावा)। ग्राम गैंदाटोला में आज पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू के खिलाफ ग्रामीणों का भारी आक्रोश देखने को मिला। शासकीय शराब दुकान को यथावत रखने के समर्थन में ग्राम के समस्त ग्रामीणों एवं व्यापारी संघ द्वारा एक दिवसीय बंद रखा गया। इस दौरान बाजार पूरी तरह बंद रहा तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण बस स्टैंड में एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने छन्नी चंदू साहू का पुतला दहन करते हुए जमकर नारेबाजी की। ग्रामीणों का आरोप है कि छन्नी चंदू साहू राजनीतिक स्वार्थवश ग्राम गैंदाटोला का माहौल खराब करने का प्रयास कर रही हैं तथा अन्य गांव के लोगों को भड़काकर शासकीय शराब दुकान को अन्य स्थान पर स्थानांतरित कराने की साजिश रच रही हैं।

ग्रामीणों ने कहा कि जब छन्नी चंदू साहू विधायक थी। तब क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एवं कोचियागिरी की शिकायतें कई बार की गई थी, लेकिन उस समय कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अब जब शासकीय व्यवस्था के माध्यम से गांव को सामाजिक लाभ मिल रहा है। तब इसे बंद कराने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्तमान में जिस भवन में शासकीय शराब दुकान संचालित हो रही है। उससे प्राप्त किराया राशि गांव के सामाजिक एवं जनहित कार्यों में उपयोग की जाती है। यदि दुकान को निजी स्थान पर स्थानांतरित किया गया तो गांव को मिलने वाला लाभ पूरी तरह समाप्त हो जाएगा। धरना प्रदर्शन में शामिल लोगों ने प्रशासन से मांग की कि ग्राम गैंदाटोला की वास्तविक जनता की भावना को ध्यान में रखते हुए शासकीय शराब दुकान को वर्तमान स्थान पर ही संचालित रखा जाए तथा राजनीतिक दबाव पर रोक लगाई जाए। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक छन्नी साहू ने दावा से कहा कि महिलाओं व बेटियों के सम्मान में हमेशा ढाल बनकर खड़ी हूँ। किसी भी महिला के अस्मिता से खिलवाड़ हमारे विकसित समाज में कतई स्वीकार्य नहीं है। आये दिन महिलाओं से छेड़छाड़ की शिकायत मिलने और वहां की महिलाओं के आग्रह पर शराब दुकान को हटाने आंदोलन किया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com